

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 280

ग्वालियर, शनिवार, 4 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## कर्नाटक में ओमीक्रोन केस मिलने के बाद ऐक्शन में देश की राज्य सरकारें

# भारत समेत दुनिया के 29 देशों में पहुंचा कोरोना का ओमीक्रोन



**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनिया भर के 29 देशों में कोरोना वायरस का नया वेरिएंट ओमीक्रोन पहुंच चुका है। दुनियाभर में इस संक्रमण के करीब 400 मामले आ चुके हैं। पिछले एक हफ्ते में दुनिया में 70 फीसदी मामले यूरोप से आए हैं। भारत में भी कोरोना के दो मामलों की पुष्टि हो चुकी है। केंद्र सरकार ने ओमीक्रोन संक्रमण को देखते हुए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए गाइडलाइन्स जारी की है। गृह मंत्रालय ने कोरोना से जुड़ी गाइलाइन्स की समय सीमा को बढ़ाकर अब 31 दिसंबर तक कर दिया है। कर्नाटक में जोखिम वाले देशों से आने या जाने वाले यात्रियों को एयरलाइनों द्वारा सूचित किया जाएगा कि वे आगमन के बाद टेस्ट कराएंगे। यदि रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो उन्हें अलग कर दिया जाएगा। जोखिम वाले देशों के सभी यात्रियों को सात दिनों के लिए होम क्वारंटाइन से गुजरना होगा। इसके बाद आठवें दिन फिर से टेस्ट किया जाएगा। यदि परिणाम पॉजिटिव आते हैं, तो नमूने जीनोमिक सिक्वेंसिंग के लिए भेजे जाएंगे। ऐसे पॉजिटिव मामलों के संपर्को को संस्थागत क्वारंटाइन या कड़ाई से निगरानी वाले होम क्वारंटाइन के तहत रखा जाएगा। पांच साल से कम उम्र के बच्चों को आगमन से पहले और बाद के टेस्ट दोनों से छूट दी गई है। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन को देखते हुए हाई रिस्क देशों से आने वाले सभी यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य है। इसके अलावा प्रभावित देशों से आने वालों लोगों के लिए 7 दिन का इंस्टीट्यूशन क्वारंटीन अनिवार्य है। विदेश से आने के दूसरे, चौथे और सातवें दिन आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य है। आखिरी टेस्ट नेगेटिव आने पर यात्री को 7 दिन होम क्वारंटीन रहना होगा।

### मप्र में भोपाल बना कोरोना का हॉट स्पॉट

**भोपाल।** मप्र में पिछले 24 घंटे के भीतर कोरोना के 15 नए केस सामने आए हैं। इनमें भोपाल में सबसे ज्यादा 8 पॉजिटिव शामिल हैं। लगातार छठवें दिन भोपाल में सर्वाधिक केस हैं। 6 दिन में मध्यप्रदेश में कुल 88 केस मिले। इनमें अकेले भोपाल के ही 54 मामले शामिल हैं। यानी 60 प्रतिशत से ज्यादा केस भोपाल में ही मिल रहे हैं। इससे चिंता बढ़ गई है। दूसरे नंबर पर इंदौर है। यहां पर 6 दिन में 22 केस सामने आ चुके हैं। वहीं ग्वालियर में 2, जबलपुर और शहडोल में 1-1 केस मिले हैं। भोपाल कोरोना का बड़ा हॉटस्पॉट बन गया है। यहां हर दिन सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। 27 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच ही 54 केस मिल चुके हैं। इस कारण अब मास्क को लेकर सख्ती दिखाई जा रही है। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने बिना मास्क के घूमने पर 500 रुपए तक जुर्माना लगाने को कहा है। ष्टरू शिवराज सिंह चौहान भी संक्रमितों के बढ़ते आंकड़ों पर चिंता जता चुके हैं। भोपाल के थोक किराना व्यापारियों ने बड़ा निर्णय लिया है। थोक किराना बाजार जुमेराती हनुमानगंज में ग्राहक को सामान खरीदने के लिए वैक्सीन के दोनों लगवाना जरूरी कर दिया है। इतना ही नहीं अब बिना मास्क नहीं मिलेगा प्रवेश भी नहीं मिलेगा।

#### प्रदेश में 58 हजार से ज्यादा टेस्ट

प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 58 हजार 161 कोरोना के टेस्ट किए गए। हालांकि, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टेस्ट बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। 1 दिसंबर को उन्होंने यह संख्या 70 हजार तक करने को कहा था, लेकिन 2 दिन के बाद भी टेस्ट नहीं बढ़े हैं। गाइडलाइन के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब हर संक्रमित को होम आइसोलेशन के बजाय एडमिट ही कराया जा रहा है ताकि संक्रमण पर नियंत्रण हो सके।

#### प्रदेश में 134 एक्टिव केस

इधर, मध्यप्रदेश में एक्टिव केस भी बढ़ गए हैं। अब एक्टिव केस 134 हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में 9 लोग स्वस्थ भी हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक 7 लाख 93 हजार 205 लोग पॉजिटिव हो चुके हैं। इनमें से 7 लाख 82 हजार 543 ठीक हो गए। कोरोना के कारण 10 हजार 528 लोग जान गंवा चुके हैं।

## राजनीति सिर्फ चुनाव जीतना नहीं है अधिकार वाले बयान पर भड़के सलमान खुर्शीद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की उस टिप्पणी के लिए उन पर निशाना



साधा कि विपक्षी नेतृत्व का फैसला लोकतांत्रिक रूप से किया जाना चाहिए। सलमान खुर्शीद ने ट्वीट कर कहा पीके कांग्रेस कार्यकर्ताओं की लोकतांत्रिक पसंद पर सवाल उठाने के लिए देवत्व का उपयोग करते हैं। यह हमें बताता है कि राजनीति के बारे में कॉपी बुक ज्ञान मानव आचरण को प्रभावित नहीं करता है। राजनीति केवल चुनाव जीतने के बारे में नहीं है। उन्होंने कहा,पीके के लिए सबक- देवत्व विश्वास के बारे में है। लोकतंत्र विश्वास के बारे में है। अन्य लोग लोकतांत्रिक पसंद के लिए स्क्रिप्ट नहीं लिख सकते हैं। अगर लोकतांत्रिक विकल्प समझ में नहीं आता है, तो स्कूल वापस जाएं और नए सिरे से शुरू करें। शायद आस्था और विश्वास को अलग-अलग करना भाजपा को जवाब होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर परोक्ष हमला करते हुए प्रशांत किशोर ने गुरुवार को कहा था कि पार्टी का नेतृत्व किसी व्यक्ति का दैवीय अधिकार नहीं है। प्रशांत किशोर ने ट्वीट कर कहा था, कांग्रेस जिस विचार और स्थान का प्रतिनिधित्व

## नरेंद्र मोदी और मनमोहन सिंह में कौन बेहतर प्रधानमंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिया यह जवाब

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ अपनी कार्यशैली की तुलना करते



हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने मोदी को परिणाम पसंद करने वाला एक गतिशील नेता करार दिया है। एक कार्यक्रम में उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि दोनों के बीच तुलना नहीं की जा सकती है। जब उनसे प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी की कार्यशैली में अंतर के बारे में पूछा गया, तो सिंधिया ने कहा, मेरा मानना है कि दोनों के बीच तुलना करना मुश्किल है। दोनों नेताओं के बीच जमीन-आसमान का अंतर है। ज्योतिरादित्य सिंधिया नरेंद्र मोदी सरकार के हाई-प्रोफाइल मंत्रियों में से एक हैं। वह बीजेपी में आने से पहले कांग्रेस में रहे हैं।

## जहरील हुई भोपाल की हवा, एक्यूआई पहुंचा 258, 21 हॉट स्पॉट बिगाड़ रहे शहर की फिजा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वायु प्रदूषण अब डेंजर जोन के करीब पहुंचता नजर आ रहा है। भोपाल में गुरुवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 258 दर्ज हुआ। यानी, भोपाल में वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। मौसम में आया बदलाव भी इसकी एक बड़ी वजह है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक यह एक्यूआई चिंताजनक है और हवा प्रदूषित होन से लोगों को सांस लेने में परेशानी हो सकती है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भोपाल की हवा को खराब करने वाले 21 हॉट स्पॉट की सूची जारी की है। बोर्ड ने नगर निगम और जिला प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की अपली की है। भोपाल में 21 हॉटस्पॉट आबोहवा खराब कर रहे हैं। उखड़ी हुई सड़कों, ट्रैफिक जाम और गाडियों से निकलने वाले धुंए के कारण हवा प्रदूषित हो रही है। इन 21 जगहों में सुभाष नगर शमशान घाट, गोविंदपुरा सॉलिड वेस्ट, सार्थी हॉस्पिटल, एमपी नगर पुलिस स्टेशन, कोलार थाना रोड, भोपाल रेलवे स्टेशन, भोपाल टॉकीज चौराहा, क्लॉथ मार्केट बैरागढ़, सर्वधर्म नगर चौराहा, ज्योति टॉकीज चौराहा, लालघाटी चौराहा, गोविंदपुरा चौराहा, बागसेवनिया चौराहा, भानपुर खंती, जेके रोड चौराहा, बस स्टैंड



छोला रोड, 10 नंबर चौराहा, मनीषा मार्केट चौराहा, मैनिट चौराहा, नेहरू नगर चौराहा शमिल हैं।

### कांग्रेस ने उठाए सवाल

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि यह वह हॉटस्पॉट हैं, जहां से उडने़ वाली धूल के गुबार और गाडियों से निकलने वाले धुंए के कारण प्रदूषण का स्तर डेंजर जोन के करीब पहुंचने वाला है। इस बढ़ते प्रदूषण से लोग भी परेशान हैं। इस मामले पर कांग्रेस ने सवाल भी खड़े किए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता अजय यादव ने पूछा है कि सरकार ने एयर इंडेक्स को सुधारने के लिए क्या कदम उठाए, यह बताना चाहिए, आखिर क्यों सरकार के लाख दावे के बाद उखड़ी सड़कों को नहीं सुधारा जा रहा, आखिर क्यों शहर में जाम के कारण गाडियों से प्रदूषण फैल रहा है।

### तत्काल कड़े कदम उठाने की जरूरत

दरअसल देश में एक्यूआई रीडिंग को 6 कैटेगरी में बांटा गया है। जीरो से 50 के बीच एक्यूआई का मतलब शुद्ध वायु है। 51 से 100 के बीच मतलब वायु की शुद्धता संतोषजनक है। 101 से 200 के बीच मध्यम। 201 से 300 के बीच खराब और 301 से 400 के बीच बेहद खराब लेबल माना जाता है। भोपाल में इसका स्तर 258 है। ये आंकड़ा शाम होते-होत और खराब हो जाएगा।

## खास खबर

### सदिंग्ध हालत मे सैनिक की मौत

**भोपाल।** राजधानी के गौतम नगर थाना इलाके में रहने वाले एक सैनिक की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। वहीं रातीबढ़ इलाके में सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार 27 वर्षीय सैनिक सूशील मिश्रा मूल रुप से लखनऊ के रहने वाले थे। फिलहाल वो गौतम नगर थाना इलाके में स्थित ग्रीन पार्क कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर रहते थे, और भोपाल में स्थित आर्मी सिलेक्शन सेंटर में पदस्थ थे। और इन दिनों सफाई कार्य में उसकी ड्यूटी लगाई गई थी। बीती शाम को उन्हे बेसूध हालत में देखने के बाद में अन्य साथियों ने इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरो ने उन्हे शुरुआती चेकअप के बाद ही मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं रातीबढ़ इलाके में स्थित दुर्गा मंदिर के पास में रहने वाला महेश कुमार पुत्र श्यामलाल (25) मजदूरी करता था, बुधवार की रात घर के पास ही खूद की बाइक फिसलने से गंभीर रुप से घायल हो गया था, जिसकी उपचार के दौरान बीती सूबह मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव हो बहाल, राज्यसभा में उठी मांग


**नई दिल्ली।** इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग शुक्रवार को राज्यसभा में उठी। सपा के विशम्भर प्रसाद निषाद ने शून्यकाल में मुद्दे को उठाकर कहा कि छात्रसंघ चुनावों पर असंवैधानिक तरीके से रोक लगी हैं, इसके खिलाफ पिछले करीब 500 दिनों से छात्र आंदोलनरत हैं। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पढ़कर निकले जनेश्वर मिश्र, मोहन सिंह, गुलजारीलाल नंदा, पूर्व उप राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा, पूर्व प्रधानमंत्री वी पी सिंह व चंद्रशेखर, नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री सूर्य बहादुर थापा सहित कई अन्य लोगों ने राजनीति में एक उल्लेखनीय मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा, मेरी मांग है कि इलाहाबाद छात्रसंघ चुनाव जल्द से जल्द बहाल करें। सपा नेता रामगोपाल यादव ने निषाद की मांग का समर्थन करते हुए कहा, ''छात्रसंघ चुनाव राजनीतिक नेतृत्व पैदा करने की नर्सरी है और सरकार इस बंद कर रही है।ज्ञात हो कि छात्र राजनीति की नर्सरी कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बहाल नहीं होने से छात्र नाराज हैं और इस मांग को लेकर अनशन पर हैं । विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पर अभी कोई फैसला नहीं किया है।


### यूपी सरकार के वकील का तर्क, पाकिस्तान की ओर से हवा आकर पटना की ओर चली जाती

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट में जारी सुनवाई के दौरान योगी सरकार ने अजीबो-गरीब तर्क दिया है।योगी सरकार की तरफ से पेश वकील रंजीत कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पाकिस्तान की तरफ से हवा आती है और पटना की तरफ चली जाती है।यूपी की हवा दिल्ली नहीं जाती है।मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने यूपी सरकार के वकील से कहा कि प्रदूषण को कम करने के बारे में जानकारी दें प्रकृति को अपना काम करने दें। यूपी सरकार की तरफ से कहा गया कि यह सीजन गन्ने का है।अगर गन्ने की मिल को बंद कर दिया जाएगा,तब आने वाले समय में किसानों और चीनी के उत्पादन पर इसका असर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और एनसीआर को सारे उपायों का पालन करने के निर्देश दिए।सुप्रीम कोर्ट ने मामले को लंबित रख दिया है। साथ ही शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार के कोविड अस्पतालों के निर्माण को मंजूरी दी।दस दिसंबर को मामले की अगली सुनवाई होगी।कोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा कि मजदूरों को भुगतान देने को लेकर उन्होंने क्या किया है जब कंट्रक्शन पर बैन था? क्या उन्होंने पैसे दिए? यूपी सरकार वकील ने कहा कि वहां इसके बारे में अगली सुनवाई में कोर्ट में बताएंगे।

### बंगाल की तरह यूपी में सपा करेगी भाजपा का सफाया, भाजपा का जाना तय

**झांसी।** आगामी यूपी विधानसभा चुनाव के तहत सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने झांसी में शुक्रवार को विजय रथ यात्रा निकाली। इससे पहले अखिलेश यादव ने प्रेसवार्ता कर केंद्र और योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा, जिस तरह ममता बनर्जी ने बंगाल में भाजपा का सफाया किया, उसी तरह यूपी में सपा भाजपा का सफाया करेगी।अखिलेश ने कहा, बुंदेलखंड की जनता ने भाजपा को जमकर वोट दिए थे। लेकिन उन्हें बदले में कुछ नहीं मिला।



# टॉस जीतकर भारत की ओर से मयंक-शुभमन ने शुरु की पारी

**मुंबई ।** भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने यहां मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इस मैच में खराब मौसम के कारण टॉस में देरी हुई। भारत की पारी की शुरुआत सलामी बल्लेबाजी मयंक अग्रवाल और शुभमन गिल ने की। भारतीय टीम ने नौ ओवरों में बिना किसी नुकसान के अपनी पहली पारी में 27 रन बना लिए थे। मयंक 15 जबकि शुभमन 14 रनों पर खेल रहे थे। इस मैच में भारतीय टीम तीन बदलावों के साथ उतरी है। उपकप्तान आजिंक्य रहाणे के स्थान पर कप्तान कोहली, जडेजा की जगह जयंत यादव और ईशांत शर्मा की जगह पर मोहम्मद सिराज शामिल किये गये हैं। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड की ओर से कप्तान केन विलियमसन के नहीं होने के कारण टॉम लैथम कीवी टीम की कप्तानी कर रहे हैं। विलियमसन के स्थान पर डेरिल मिचेल को जगह मिली है।मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले दिन का खेल मैदान गीला होने की वजह से दोपहर 12 बजे शुरू हुआ। सुबह 9 बजे होने वाला टॉस 11: 30 बजे हुआ।

### इस प्रकार हैं टीमें

**भारतीय टीम:** विराट कोहली (कप्तान), शुभमन गिल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, श्रेयस अय्यर, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव

**न्यूजीलैंड का स्क्वॉड:** टॉम लैथम (कप्तान), विल यंग, रॉस टेलर, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), काइल जैमीसन, टिम साउथी, एजाज पटेल, विल सोमरविले और रचिन रवींद्र।

### खराब मौसम के कारण टॉस में देरी, रहाणे, जडेजा और ईशांत दूसरे टेस्ट से बाहर

मुंबई । भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान आजिंक्य रहाणे तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा के अलावा ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से बाहर हो गये हैं। यह तीनों ही खिलाड़ी फिट नहीं हैं। इस मैच से नियमित कप्तान विराट कोहली की टीम से वापसी हुई है। बारिश और खराब मौसम के कारण इस मैच में टॉस में देरी हुई है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहले दिन का खेल शुरू होने से पहले एक बयान जारी कर कहा है कि रहाणे के अलावा ईशांत और जडेजा भी चोटिल हैं। बीसीसीआई के अनुसार कानपुर टेस्ट में तेज गेंदबाज ईशांत के बाएं हाथ की छोटी उंगली में चोट लग गयी थी। इसी के कारण वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी चोट का इलाज कर रही है। वहीं जडेजा को कानपुर टेस्ट के दौरान दाहिने हाथ में चोट लग गई थी। जांच के दौरान उनके कंधे में सूजन का पता चला है, उन्हें आराम की सलाह दी गई है। रहाणे कानपुर में पहले टेस्ट मैच के अंतिम दिन फील्डिंग के दौरान हैमस्ट्रिंग में मामूली खिंचाव से परेशान थे। इसके अलावा उनकी लय भी ठीक नहीं थी। माना जा रहा है कि इस कारण भी वह टीम में नहीं हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### मुंबई) पांच साल बाद वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा टेस्ट

**मुंबई ।** भारत और न्यूजीलैंड टीम के शुक्रवार को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए मैदान पर उतरते ही मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में पांच साल के बाद टेस्ट क्रिकेट की वापसी होगी। इससे पहले इस मैदान पर अंतिम टेस्ट मैच आठ से 12 दिसंबर 2016 को भारत-इंग्लैंड के बीच हुआ थ और जिसे भारतीय टीम ने जीता था। इस मैदान पर अब तक हुए कुल 25 टेस्ट मैचों में से भारतीय टीम ने 11 जीत हैं जबकि सात में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं सात मैच बराबरी पर रहे हैं। इस मैदान पर पहला टेस्ट वेस्टइंडीज और भारत के बीच साल 1975 में खेला गया जिसमें भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने इस मैदान पर पहला टेस्ट साल 1976 में 162 रन से जीता था तब सुनील गावस्कर ने 119 रन बनाए थे। वह मैच भी न्यूजीलैंड से ही था। कोरोना महामारी के नये वैरिएंट ओमीक्रोम के बढ़ते खतरे को देखते हुए इस मैच में मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने सख्ती से प्रोटोकॉल का पालन करने की बात कही है। इस मैच के दौरान केवल 25 फीसदी दर्शकों को ही स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा।

### एक सप्ताह आगे बढ़ सकता है भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे को एक सप्ताह के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है। इसका कारण कोविड-19 के नये वैरिएंट ओमाइक्रोन के बढ़ते खतरे को बताया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस दौरे के लिए केन्द्र सरकार ने मंजूरी मांगी और और इस मामले में उसे सरकार के जवाब का इंतजार है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा है कि दोनो ही क्रिकेट बोर्ड एक दूसरे के संपर्क में हैं। बीसीसीआई के अनुसार खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही कोई फैसला लिया जाएगा। भारतीय टीम अपने इस दौरे में तीन टेस्ट, तीन एकदिवसीय और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। यह दौरा 17 दिसंबर से शुरू होगा। वहीं इससे पहले केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि बीसीसीआई को दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट टीम भेजने से पहले सरकार से सलाह करनी चाहिए क्योंकि वहां एक नया कोविड-19 संस्करण सामने आया है। उन्होंने साथ ही कहा था कि न केवल बीसीसीआई, बल्कि हर बोर्ड को भी टीम को उस देश में भेजने से पहले भारत सरकार से परामर्श करना चाहिए जहां एक नया कोविड ????-19 संस्करण सामने आया है। वहीं इस मामले में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा था कि दौरें के समय सबसे पहली प्राथमिकता खिलाड़ियों की सेहत की सुरक्षा रहेगी। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी बोर्ड ने कहा है कि उसने इस दौरे के लिए बेहद सुरक्षित बॉयो-बबल तैयार किया है।

# प्रो-कबड्डी लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी होंगे प्रदीप

**नई दिल्ली ।** इस माह 22 दिसंबर से होने जा रही प्रो-कबड्डी के 8वें सत्र में यूपी योद्धा प्रदीप नरवाल सबसे महंगे खिलाड़ी होंगे। प्रदीप को पिछले दिनों हुई नीलामी में 1.65 करोड़ रुपए में खरीदा गया था। इस बार सभी मुकाबले बेंगलुरु में खेले जाने हैं। इस लीग में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। नरवाल ने पहले पांच सत्र तक पटना पाइरेट्स की ओर से खेला था। वहीं अब वह यूपी योद्धा की ओर से उतरेंगे। तेलुगु टाइटंस ने सिद्धार्थ देसाई को 1.30 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है। इसके अलावा मंजीत को 92 लाख रुपए में तमिल थलाइवाज जबकि सचिन को 84 लाख रुपए में पटना पाइरेट्स और रोहित गुलिया को 83 लाख रुपए में हरियाणा स्टीलर्स ने अपनी टीम में शामिल किया है।कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते पिछले साल प्रो-कबड्डी लीग का आयोजन पिछले साल नहीं हुआ था। बंगाल वॉरियर लीग की डिफेंडिंग चैंपियन है। दूसरी ओर पटना पाइरेट्स ने सबसे अधिक 3 बार लीग जीती है। जयपुर पिंक पैंथर्स, यू मुम्बा और बैंगलोर बुल्स ने भी एक-एक बार खिताब अपने नाम किया है। ओवरऑल सभी सत्र की बात की जाए तो नरवाल ने सबसे अधिक अंक बनाए हैं। वे 1169 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं राहुल चौधरी ने 1014 अंक बनाए हैं जबकि अन्य कोई खिलाड़ी एक हजार अंक के आंक? तक भी नहीं पहुंच पाया है।इस लीग में पहली बार एक दिन में 3 मुकाबले खेले जाएंगे। पहले 4 दिन तीन-तीन मुकाबले होंगे। पहला मुकाबला शाम 7.30 से खेला जाएगा। वहीं दूसरा 8.30 बजे से जबकि तीसरा 9.30 बजे से शुरू होगा। इस बार कोरोना संक्रमण को देखते हुए यह सभी मुकाबले प्रशंसकों के बिना ही

## अंडर-19 विश्वकप में पाकिस्तान की कप्तानी करेंगे कासिम

**करांची ।** युवा ऑलराउंडर कासिम अकरम को अगले साल की शुरुआत में जनवरी-फरवरी में वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट के लिए पाकिस्तान टीम का कप्तान बनाया गया है। पाक जूनियर टीम के मुख्य चयनकर्ता सलीम जाफर ने कहा, 'हमने ऐसे खिलाड़ियों का चयन किया है जो ना केवल इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं बल्कि भविष्य में सीनियर टीम में भी आ सकते हैं।' पाकिस्तान 2003 और 2005-06 में लगातार दो अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद से ही यह यह खिताब नहीं जीत पाया है। दक्षिण अफ्रीका में साल 2020 की शुरुआत में पिछला विश्व खिताब बांग्लादेश ने जीता था। पाक टीम में चयनित चार खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका में पिछले विश्व कप के लिए भी टीम में हिस्सा थे जिसमें कासिम के अलावा सलामी बल्लेबाज अब्दुल वाहिद बंगालजई और मोहम्मद शहजाद तथा मध्यक्रम के बल्लेबाज इरफान खान नियाजी भी शामिल हैं। अंडर-19 कोच इजाज अहमद विश्व कप और एशिया कप में सहयोगी स्टाफ के प्रमुख होंगे।

### पाक टीम इस प्रकार है

कासिम अकरम (कप्तान), अब्दुल फसीह, अब्दुल वाहिद बंगालजई, अहमद खान, अली असफंद, अरहम नवाब, अवैस अली, फैसल अकरम, हसीबुल्लाह, इरफान खान नियाजी, माज सदाकत, मेहरान मुमताज, मोहम्मद शहजाद, रिजवान महमूद और जीशान जमीर. रिजर्व- गाजी गौरी और मोहम्मद जीशान।

## इन्दौर में राष्ट्रीय पेरा टेबल टेनिस शिविर का समापन




**इन्दौर ।** म.प्र. टेबल टेनिस संगठन तथा पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन (इंडिया) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित देश के चुनिंदा 15 पेरा टेबल टेनिस खिलाड़ियों (8 पुरूष तथा 7 महिला) के 10 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हो गया। शिविर स्थानीय अभय प्रशाल में अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (हाई परफारमेंस डिविजन) के सौजन्य से आयोजित किया गया। एमराल्ड हाईट्स इंटरनेशनल के प्रमुख मुक्तेश सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। म.प्र. ओलिंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम सोनी ने समारोह की अध्यक्षता की। म.प्र. टेबल टेनिस संगठन के महासचिव जयेश आचार्य तथा एमराल्ड हाईट्स के खेल अधिकारी अकरम खान इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे। मुक्तेश सिंह ने अपने संबोधन में पेरा खिलाड़ियों की दृढ इच्छाशक्ति तथा परिश्रम की सराहना करते हुए म.प्र. टेबल टेनिस संगठन को प्रदेश के चंद शीर्ष सक्रिय खेल संगठनों में निरूपित किया। समारोह के दौरान पेरा खिलाड़ियों ने भी विचार व्यक्त करते हुए अभय प्रशाल की खेल सुविधाओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। हाल ही में टोक्यो में आयोजित पेरा ओलिंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली सोनल पटेल तथा शिविर की प्रशिक्षक इन्दौर की रिंकु आचार्य, अहमदाबाद के निलय व्यास तथा उत्तराखंड के जीतेन्द्र सिंह बिस्ट को विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संजय मिश्रा ने तथा नरेन्द्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## अंडर-19 राष्ट्रीय टीम के सलाहकार बने चंद्रपॉल

**सेंट जोंस ।** वेस्टइंडीज ने पूर्व क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपॉल को अगले साल होने वाले विश्वकप को देखते हुए अंडर-19 राष्ट्रीय टीम का बल्लेबाजी सलाहकार बनाया गया है। दिग्गज बल्लेबाज रहे चंद्रपॉल एंटीगा में अंडर-19 राष्ट्रीय टीम के अभ्यास शिविर में टीम से जुड़ेंगे। इस बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज की ओर से 164 टेस्ट, 268 वनडे और 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर कुल 20,988 रन बनाये हैं। चंद्रपॉल एंटीगा में 15 से 28 नवंबर तक लगने वाले तैयारी शिविर से युवा खिलाड़ियों को निखारेंगे। गौरतलब है कि अंडर-19 विश्व कप अगले साल जनवरी-फरवरी में वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। क्रिकेट वेस्टइंडीज के क्रिकेट निदेशक जिम्मी एडम्स ने अपने एक बयान में कहा कि चंद्रपॉल को क्रिकेट की अच्छी जानकारी है और वह बेहद अनुभवी हैं। ऐसे में कोचिंग स्टाफ में उनके शामिल होने से युवा खिलाड़ियों को लाभ होगा।

## व्यापारन्यूज

### रुपया डॉलर के मुकाबले चार पैसे चढ़ा



**मुंबई ।** कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के सामने आने के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार को लेकर अनिश्चितता की स्थिति के बीच शुक्रवार को शुरुआती सौदे में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मामूली दायरे में कारोबार कर रहा था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में रुपया डॉलर के मुकाबले चार पैसे की तेजी के साथ 74.98 पर खुला। यह 74.96 की शुरुआती ऊंचाई पर पहुंचा और इसने 75.01 के निचले स्तर को भी छुआ। गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 75.02 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 96.16 पर पहुंच गया। ओमीक्रोन की वजह से वृद्धि संबंधी चिंताओं के जन्म लेने और जोखिम को झेलने की क्षमता पर असर पड़ने के साथ पिछले कुछ कारोबारी सत्रों में रुपए पर दबाव रहा है।

### सोना और चांदी की चमक बढ़ी



**नई दिल्ली ।** एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोने का भाव 0.39 फीसदी बढ़ गया। दस ग्राम सोने की कीमत 47,585 रुपये हो गई। वहीं चांदी की चमक भी बढ़ी है और इसका दाम 0.15 फीसदी चढ़कर 61,214 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को सोने और चांदी के दाम में तेजी आई है। उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण पूरे देश में सोने की कीमत अलग-अलग होती है। आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है।

### वित्तीय वर्ष 22 में बढ़ेगा चालू खाते का घाटा, 1.9 फीसदी रहने का अनुमान

**मुंबई ।** विदेशी ब्रोकरेज कंपनी बार्कलेज ने भारत के लिए 2021-22 में चालू खाते के घाटे (सीएडी) के अनुमान को बढ़ाकर 60 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया है, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.9 प्रतिशत है। देश में नवंबर के दौरान व्यापार घाटे के रिकॉर्ड 23.27 अरब डॉलर पर पहुंचने के बीच यह अनुमान बढ़ाया गया है। इससे पहले, बार्कलेज ने पहले चालू वित्त वर्ष के लिए 45 अरब डॉलर के सीएडी का अनुमान जताया था। बुधवार को जारी सरकारी आंक? के अनुसार नवंबर, 2021 के दौरान निर्यात सालाना आधार पर 26.5 फीसदी बढ़कर 29.88 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। वहीं आयात भी 57.2 प्रतिशत ब?कर 53.15 अरब डॉलर पर पहुंच गया जिससे व्यापार घाटा 23.27 अरब डॉलर हो गया है।

### मजबूती के साथ खुले बाजार

# सेंसेक्स 260 अंक से ज्यादा चढ़ा, निफ्टी 17,470 के पार



**मुंबई ।** एशियाई बाजारों से मिले मिलेजुले संकेतों के बीच सेंसेक्स इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी के शेयरों में बढ़त के कारण शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 262 अंक से ज्यादा चढ़ा। शुरुआती सौदों में 30 शेयरों वाला सूचकांक 262.86 अंक की तेजी के साथ 58,724.15 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 68.45 अंक या 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,470.10 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में इंफोसिस 1.86 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे ऊपर था। इसके बाद एलएंडटी, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, एमएंडएम और एचडीएफसी के शेयर थे। दूसरी ओर, नेस्ले इंडिया, डॉ रेड्डीज, सन फार्मा, भारती एयरटेल, बजाज ऑटो और एशियन पेंट्स के शेयरों को नुकसान हुआ। पिछले सत्र में, सेंसेक्स 776.50 अंक बढ़कर 58,461.29 पर बंद हुआ था। इसी तरह एनएसई निफ्टी 234.75 अंक चढ़कर 17,401.65 पर पहुंच गया था। एशिया के दूसरे प्रमुख शेयर बाजारों में हांगकांग और टोक्यो में शेयर मध्य सत्र सौदों में लाभ के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि शंघाई और सियोल नुकसान में चल रहे थे।इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.82 प्रतिशत की तेजी के साथ 70.24 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

### एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

**मुंबई ।** एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। एसजीएक्स निफ्टी 35.50 अंक की गिरावट दिखा रहा है। वहीं निक्केई करीब 0.22 फीसदी की कमजोरी के साथ 27,692.34 के आसपास दिख रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में 0.14 फीसदी की बढ़त दिखा रहा है। ताइवान का बाजार 0.10 फीसदी चढ़कर 17,742.55 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि हैंगसेंग 1.04 फीसदी की बढ़त के साथ 23,541.00 के स्तर पर नजर आ रहा है। कोस्पी में 0.25 फीसदी की हल्की बढ़त दिखा रहा है। शंघाई कम्पोजिट 0.13 फीसदी की बढ़त के साथ 3,578.46 के स्तर पर दिख रहा है।

## एयर इंडिया को नई उड़ान देने टाटा ने एक विदेशी सीईओ पर भरोसा किया



**नई दिल्ली ।** टाटा संस ने कहा है कि उसने एयर इंडिया को नई उड़ान देने के लिए एक विदेशी सीईओ पर भरोसा किया है। जानकारी के मुताबिक टाटा संस ने एयर इंडिया के लिए सीईओ का नाम शॉर्टलिस्ट कर दिया है। एयर इंडिया की मैनेजमेंट टीम को फाइनल करने का जिम्मा नए सीईओ के जिम्मे होगा। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी ने साथ ही एयर इंडिया के नए बोर्ड के लिए सदस्यों के नाम शॉर्टलिस्ट कर लिए हैं। टाटा ग्रुप ने भारी कर्ज में डूबी सरकारी एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया को हाल में खरीदा था और वह जनवरी 2022 में इसकी कमान अपने हाथों में ले सकता है। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया के नए बोर्ड में टाटा संस की एमएंडए टीम के अधिकारी, ग्रुप के एविएशन एक्सपर्ट और इंडिपेंडेंट डायरेक्टर के तौर पर एक रिटायर्ड सरकारी अधिकारी शामिल होंगे। परंपरागत रूप से टाटा संस का चेयरमैन ग्रुप की सभी बड़ी ऑपरेटिंग कंपनियों का चेयरमैन होता है और इस बात की पूरी संभावना है कि एयर इंडिया के मामले में भी ऐसा ही होगा। सूत्रों के मुताबिक इस बारे में जनवरी, 2022 में औपचारिक घोषणा हो सकती है। टाटा संस ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की। एयर इंडिया और एयर एशिया को टेलेस लिमिटेड के अधीन रखा गया है। कंपनी एयर इंडिया की वर्किंग कैपिटल जरूरतों के लिए एक प्लान बना रही है। एक अधिकारी ने कहा कि अगले साल जनवरी से टाटा के लिए एयर इंडिया का खर्च शुरू हो जाएगा। इनमें कर्मचारियों की सैलरी, विमानों को नए सिरे से तैयार करने और क्वालिटी कंट्रोल का खर्च शामिल है।

## भारत में नए इलेक्ट्रिक स्कूटर की हो रही एंट्री

### सिर्फ 499 रुपये का बुकिंग अमाउंट देना होगा

**नई दिल्ली ।** ऑटोमोइल सेक्टर की कंपनी बाउंस कल अपना इलेक्ट्रिक स्कूटर बाउंस इनफिनिटी इलेक्ट्रिक लॉन्च करेगी। भारतीय बाजार में लॉन्च के कुछ वक्त बाद कंपनी इनकी डिलिवरी शुरू कर देगी। इस स्कूटर को बुक करने के लिए आपको सिर्फ 499 रुपये का बुकिंग अमाउंट देना होगा।

हालांकि कंपनी ने डिलिवरी की कोई तय तारीख नहीं बताई है पर माना जा रहा है लॉन्च के कुछ हफ्तों में ही कंपनी बाउंस इनफिनिटी स्कूटर की डिलिवरी देना शुरू कर देगी। कल लॉन्च के बाद कंपनी इस स्कूटर के लिए बुकिंग भी शुरू कर देगी। कंपनी भिवाड़ी , राजस्थान में इन स्कूटर्स की मैन्युफैक्चरिंग करती है। इस स्कूटर की कीमत की ऑफिशल घोषणा तो कल लॉन्च के वक्त ही होगी कंपनी का दावा है कि इसमें ग्राहकों को इंटेलिजेंट फीचर्स मिलेंगे। इनफिनिटी के साथ, कंपनी बेट्री एस ए स विस का ऑप्शन दे रही है। इसके तहत, ग्राहकों के पास बिना बैटरी के किफायती मूल्य पर बाउंस इनफिनिटी इलेक्ट्रिक स्कूटर को खरीदने और इसके बजाय बाउंस के बैटरी स्वैपिंग नेटवर्क का इस्तेमाल करने का विकल्प रहेगा। इस ऑप्शन को चुनने के बाद स्कूटर की कीमत 60,000 रुपये के आप पास हो सकती है। इलेक्ट्रिक स्कूटर की कुल लागत का 40 से 50 प्रतिशत हिस्सा बैटरी पर खर्च होता है। ऐसे में स्कूटर से बैटरी की कीमत हटाकर स्कूटर खरीदने में काफी सहूलियत हो सकती है। माना जा रहा कंपनी इसे 92,000 रुपये की एक्स-शोरूम कीमत के साथ लॉन्च कर सकती है।

### एप्पल ने आईफोन 13 का उत्पादन घटाया

**नई दिल्ली ।** वैश्विक आपूर्ति संकट के बाद एप्पल इंक अब एक और समस्या से जूझ रही है। यह समस्या है मांग में कमी। कंपनी ने अपने कंपोनेंट आपूर्तिकर्ताओं से कहा है कि आईफोन 13 लाइनअप के लिए मांग कमजोर हो गई है। यह जानकारी ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक एप्पल पार्ट्स की कमी के चलते एप्पल पहले ही इस साल के लिए अपने आईफोन 13 के उत्पादन लक्ष्य को 9 करोड़ यूनिट से घटाकर 1 करोड़ यूनिट पर ले आई है। उम्मीद थी कि अगले साल जब आपूर्ति में सुधार की उम्मीद होगी तो इस कमी को पूरा किया जाएगा लेकिन कंपनी अब अपने विक्रेताओं को सूचित कर रही है कि ऑर्डर्स में की गई कटौती को वापस नहीं लिया जा सकता है। हो सकता है कि कटौती का आंकड़ा मांग में कमी के चलते और रिवाइज हो जाए। विश्लेषकों का मानना है कि ?वित्तीय वर्ष 2021 के आखिरी तीन महीनों में एप्पल की बिक्री 6 फीसदी बढ़कर 117.9 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगी लेकिन यह कंपनी के लिए ब्लॉकबस्टर तिमाही साबित नहीं होगी।

## 29वें दिन पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं

**मुंबई ।** सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने शुक्रवार को भी पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। कंपनियों ने लगातार 29वें दिन दाम में कोई भी बढ़ोतरी नहीं की गई है। सरकार ने दिवाली से एक दिन पहले केंद्र सरकार की तरफ से एक्साइज ड्यूटी में कटौती के बाद कई राज्य पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले वैट में कटौती करने लगे। बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल की कीमतों में 8 रुपए कम किए गए। देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 95.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 86.67 रुपए प्रति लीटर है। इसी तरह देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 109.98 रुपए प्रति लीटर और डीजल 94.14 रुपए प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 104.67 रुपए प्रति लीटर और डीजल 89.79 रुपए प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में पेट्रोल 101.40 रुपए प्रति लीटर और डीजल 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं। दिल्ली सरकार ने पेट्रोल पर वैट घट दिया जिसके कारण दाम कम हुए। पंजाब में पेट्रोल पर वैट 11.27 रुपए प्रति लीटर कम हुआ है।

# पुलिस अधीक्षक का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित




भिण्ड। शहर के सर्किट हाउस पर शुक्रवार को मप्र प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा के द्वारा पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह का विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने सबसे पहले आईपीएस मनोजकुमार को फूल माला, शॉल-पेंसिल देकर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर कलेक्टर सतीश कुमार एस, सीएसपी आनंद राय सहित जिले के पत्रकारगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गणेश भारद्वाज, सांस्कृतिक सचिव अंजुम मनोहर ने काव्यपाठ किया, इसके अतिरिक्त भास्कर ब्यूरोचीफ भानू श्रीवास्तव, नईदुनिया ब्यूरोचीफ अब्बास अहमद, अनिल चौधरी, सौरभ शर्मा, अवनीश श्रीवास्तव, संजय शर्मा, नीरज शर्मा मिहोना, गिर्राज बौहरे, संजय शर्मा, गिर्राज पांडे, शशिकांत गोयल, माधव शर्मा, अनिल भारद्वाज सहित जिले के सभी पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार को फूलमाला पहनाकर विदा किया।




कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने कभी जनता, पत्रकार सहित शहर के गणमान्य नागरिकों को कभी यह अहसास नहीं होने कि वो किसी के खास नहीं है सभी से इस तरह से बात करते थे कि जैसे उनके घर परिवार का व्यक्ति बोल रहा है और डेढ़ साल तक उन्होंने जनता के दिलों पर जमकर राज किया। विदाई समारोह के दौरान सभी पत्रकारों ने सभी साहब के लिए दो-दो शब्द कहे, इस दौरान अधिकांश पत्रकारों की आंखे नम होते हुए दिखाई, फिर भी एसपी साहब को हंसी-खुसी पत्रकारों ने विदा किया।

## निराश्रितों के बीच सेवाभाव से मनाया पूर्व विधायक कटारे का जन्मदिन

भिण्ड। अटेर के पूर्व विधायक हेमंत कटारे का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के निराशित भवन में सेवाभाव के रूप में केक काटकर मनाया गया। युवा कांग्रेस आइटिसेल के जिला सहयोजक दीपू दुबे के द्वारा फल, नाश्ता, चॉकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यरूप से कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वज ने कहा हेमंत अभी युवा हैं भिण्ड का जनमानस उनमें अपना भविष्य देखता है, हम सब उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।



इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजय भूता, दीपू दुबे, युवा नेता राहुल कुशवाह, सोहन तिवारी, वीरप्रकाश श्रीवास्तव, राजवीर खन्ना, गोविंद शाक्य, पिंटू शर्मा,अरविंद सोनी, अमित शिवहरे, ब्रजेन्द्र बघेल,राधामोहन कटारे,गिर्राज पुरोहित,अजय विमल, प्रशांत कौशल, साजिद खान आदि उपस्थित रहे और फल वितरण में सहयोग किया।

## घर में बंटवारे को लेकर मामला दर्ज

भिण्ड। जिले के अमायन थाना क्षेत्र में बंटवारे के बाद घर की दीवार बनाए जाने को लेकर एक ही परिवार के सदस्यों में झगड़ा हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस थाने पहुंचे। पुलिस ने क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया। अमायन थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम खैरोली गांव में दिलीप पुत्र किशन वर्मा और संतोष पुत्र भोगीराम वर्मा दोनों ही एक ही परिवार के सदस्य है। दोनों ही रजक समाज के है। दोनों के घर के बंटवारे के बाद दीवार बनाए जाने को लेकर विवाद हो गया। दोनों ने ओर से दीवार बनाए जाने को लेकर विरोधाभास हुआ और एक दूसरे की पिटाई कर दी। पुलिस ने दिलीप की शिकायत पर रिंकू और संतोष वर्मा के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं संतोष की शिकायत पर दिलीप व रामकृष्ण के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## सांसद संध्या राय आज से दो दिवसीय प्रवास पर

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत भिंड और दतिया जिले के प्रवास पर रहकर पार्टी कार्यकर्ताओं आम जनता एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि श्रीमती संध्या राय अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे के जिला ग्वालियर के लोकल कार्यक्रमों में शामिल होंगी। सांसद श्रीमती राय इसी दिन 12:00 बजे विधानसभा क्षेत्र गोहद आएंगी जहां आयोजित विकलांगों को निशुल्क उपकरण वितरण में शामिल होंगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय अपने दो दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत इसी दिन 1 बजे जनपद गोहद कार्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगी, 4 बजे तहसील गोहद ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर के शादी समारोह में शामिल होंगे के लिए भिंड से रवाना मैं जाएंगी जहां वर वधू को आशीर्वाद प्रदान करेंगी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में शामिल होंगी, 4:30 बजे अपने निजी निवास चंबल कॉलोनी इटावा रोड भिंड आएंगे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी।

## मारकंडे शर्मा को मिली ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय युवा संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी

भिण्ड। राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर युवा समाजसेवी मार्कण्डेय शर्मा को ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय युवा संगठन ट्रस्ट का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिला सहित प्रदेश भर के समाजसेवियों और ब्राह्मण नेताओं ने बधाइयां दी है। कार्यभार संभालने के बाद श्रीशर्मा ने प्रेस को बताया कि संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे सौपी है, उसे अपनी कार्यनिष्ठा के साथ निभाऊंगा। आगे भी संगठन जो जिम्मेदारी देगा का उसे पूरा करूंगा। वही जिले के युवा ब्राह्मण नेता विक्रम उपाध्याय, दीपक शर्मा, शालू पुरोहित, शिवचरण शर्मा,सतायभान सिंह, युवा पत्रकार दीपक चौधरी, पत्रकार आदित्य दुबे, पत्रकार सचिन शर्मा, पत्रकार कृष्ण कांत शर्मा सहित जिले के तमाम वरिष्ठजनों ने श्रीशर्मा को शुभकामनाएं दी है।



## 21 किलो तेल से होगा शनिदेव का महाअभिषेक

भिण्ड। कुंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर इटावा रोड स्थित भगवान शनिदेव का 21 किलो सरसों तेल से महाभिषेक किया जायेगा। जानकारी देते हुए कमलकिशोर शर्मा ने बताया है कि शनिवार को अमावस्या होने के कारण सुबह 8 बजे महाभिषेक किया जायेगा शनि भगवान की पूजा का विशेष महत्व होता है शनिवारी अमावस्या पर पूजा करने पर शनि दोष स्वत कम हो जाता है मंदिर महंत श्री स्वामी दयानन्द जी ने सभी भक्तों से अपील की है कि शनि अमावस्या पर आप परिवार सहित मंदिर में पहुँच कर धर्मकार्य में शह भागी बनें।

# अभिभाषक संघ भिंड ने सेवानिवृत्त न्यायिक कर्मचारी को दी विदाई

### अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ने श्री शर्मा के न्यायिक कार्य की सराहना की



भिण्ड। सहायक ग्रेड दो जिला एवं सत्र न्यायालय भिंड में पदस्थ 37 वर्ष की न्यायिक सेवा पूर्ण कर 30 नवंबर को अभिभाषक संघ भिंड के सभागार में सेवानिवृत्त होने पर माल्यार्पण कर विदाई दी गई एवं उनकी निःस्वार्थ 37 वर्ष की सेवा कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अभिभाषक संघ भिंड के अध्यक्ष रज्जन सिंह भदौरिया उपाध्यक्ष हनुमंत बौहरे, सचिव शैलेंद्र सिंह भदौरिया, सहसचिव प्रभास जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रियंका शर्मा, श्रीमती साधना मिश्रा, पूर्व सचिव विनीत मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह भदौरिया एवं श्रीमती अनिता चौधरी एडवोकेट उपस्थित रहे तथा मध्य प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ के पूर्व उपप्रांत अध्यक्ष विजय शर्मा ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ न्यायिक कर्मचारी नारायण स्वरूप शर्मा की कार्य सेवा की प्रशंसा कर दीर्घायु होने की कामना करते हुए समय पर उनके मार्गदर्शन देते रहने की बात की उद्बोधन में मध्य प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा भिंड नेवी प्रथक से संघ की कैंटीन समिति ने शाल एवं श्रीफल के साथ श्री शर्मा को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड प्रथम रामवरन सिंह कुशवाह विशेष रूप से उपस्थित थे।

# हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान किये जाने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

भिण्ड । मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल एवं भारत सरकार एवं शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पूरा लाभ उसके वास्तविक रुप से पात्र हितग्राही को दिए जाने हेतु 15 नवम्बर 2021 से 26 जनवरी 2022 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई हैं। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस द्वारा ''आपकी सरकार आपके साथ'' अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समस्त पात्र हितग्राहियों को प्रदान किये जाने हेतु तीन अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जेके जैन अभियान की सतत मॉनीटरिंग एवं जिला व जनपद स्तर पर समस्त सीईओ जपं एवं संबंधित अधिकारियों से समन्वय करना एवं समय सीमा में कार्य को पूर्ण कराना, डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण महेश बडोले को अभियान की सतत मॉनीटरिंग एवं जिला व नगरीय निकाय स्तर पर समस्त सीएमओ एवं संबंधित अधिकारियों से समन्वय कराना एवं समय-सीमा में कार्य को पूर्ण कराना एवं लोक सेवा प्रबंधक भानू प्रजापति को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक समन्वय एवं जानकारी प्राप्त करने एवं समय-सीमा में ऑनलाईन प्रवष्टि कराना का दायित्व सौपा गया है। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने आदेश में कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उपरोक्त समय-सीमा में प्रत्येक ग्राम पंचायत में हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलवाने हेतु शिविर आयोजन का रोस्टर तैयार कर शिविर आयोजित करेंगे तथा प्रत्येक शिविर के लिये एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे। रोस्टर के अनुसार शिविरों की तिथि, समय व स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर सभी जनप्रतिनिधियों को सूचना दी जाकर आमंत्रित करेंगे। शिविर स्थल पर नागरिकों की बैठक व्यवस्था, पेयजल आदि सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें तथा कोविड-19 संक्रमण संबंधी नियंत्रण के मार्गदर्शी निर्देशों का भी कडाई पालन किया जाये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत स्तर पर अपनी-अपनी जनपद पंचायतों के नोडल अधिकारी रहेंगे। इसी प्रकार मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरीय निकाय उपरोक्त समय-सीमा में प्रत्येक वार्ड में हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलवाने हेतु शिविर आयोजन का रोस्टर तैयार कर शिविर आयोजित करेंगे तथा प्रत्येक शिविर के लिये एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे। रोस्टर के अनुसार शिविरों की तिथि, समय व स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर सभी जनप्रतिनिधियों को सूचना दी जाकर आमंत्रित करेंगे। शिविर स्थल पर नागरिकों की बैठक व्यवस्था, पेयजल आदि सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें।

# कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बबेडी में कराये गये निर्माण कार्यो का लिया जायजा



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस द्वारा ग्राम पंचायत बबेडी का भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्रों में कराये गये निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया।

भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी नवीन निर्देशों के पालन में पोर्टल ूणतनतंसण्दपबण्पद से एरिया एप डाउनलोड कर प्रत्येक माह 10 कार्यो के भ्रमण इस एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाईन अपलोड किये जाने अनिवार्य है जिसके तारतम्य मे कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत बबेडी में मनरेगा योजनान्तर्गत कराये गये निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र बबेडी के सार्वजनिक चबूतरा निर्माण, गौशाला निर्माण, डग टेंक निर्माण, शांतिधाम निर्माण, सेग्रीगेशन रोड, सामुदायिक शौचालय निर्माण का निरीक्षण कर इन कार्यों के फोटो भारत सरकार की बेबसाइट पर एरिया एप के माध्यम से अपलोड किये गये। विजिट के समय जिला पंचा भिण्ड के परियोजना अधिकारी मनरेगा मोद सिंह तोमर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भिण्ड आर.के. गौर, सहायक यंत्री जनपद पंचायत भिण्ड गजेन्द्र सिंह कुशवाह, एपीओ मनरेगा अमित शर्मा व उपयंत्री धर्मेन्द्र दुबे एवं ग्राम पंचायत बबेडी के प्रधान कौशलेन्द्र सिंह, ग्राम रोजगार सहायक चरन सिंह एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# आत्म अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित हो लक्ष्य की ओर अग्रसर होना ही योग हैः अशोक भारद्वाज



भिण्ड। शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में क्रीड़ा विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस के मुख्य अतिथि मेहगांव के वरिष्ठ समाजसेवी अशोक भारद्वाज रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में देव चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कन्हारी के सरपंच अनिल राजोरिया ने की एवं योग प्रशिक्षण सुनील योग ने योग से छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए स्वयं के जीवन का उदाहरण दिया के ग्राम कि साधारण परिवार में जन्म लेकर आज प्रदेश स्तरीय व्यवसायिक संगठनों का सफल प्रबंधन एवं वढ चढ़कर समाज सेवा कर रहा है और यह सब आत्मानुशासन लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प एवं भविष्य के लिए एक होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं की स्वच्छ पानी हेतु एक वाटर कूलर आर. ओ. सहित प्रदान करने का संकल्प किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम पंचायत का कन्हारी के सरपंच अनिल राजोरिया ने छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु मेन रोड से कॉलेज तक एक मार्ग निर्माण का वचन दिया एवं साथ ही सुरक्षा हेतु पुलिस चौकी स्थापना हेतु प्रयास करने का संकल्प किया। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय मेहगांव क्रीड़ा अधिकारी अधिकारी डॉ हर्षद मिश्रा ने आभार प्रकट किया। प्राचार्य डॉ आरके सक्सेना जी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत कर अतिथियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

# जिला स्तरीय दिव्यांग बच्चों को खेलकूद सांस्कृतिक एवं सामर्थ्य प्रदर्शन हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन



भिण्ड। विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र भिंड के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय दिव्यांग बच्चों को खेलकूद सांस्कृतिक एवं सामर्थ्य प्रदर्शन हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन शासकीय माध्यमिक विद्यालय कॉटनजीन क्रमांक 1 भिंड में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डाइट एवं उत्कृष्ट विद्यालय क्र.1 पीएस चौहान द्वारा की गई । खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 50 मीटर जूनियर दौड़, 50 मीटर सीनियर दौड़ ,100 मीटर जूनियर दौड़ एवं 100 मीटर सीनियर दौड़, वैशाखी दौड़, मटकी फोड़, भाला फेंक ,गोला फेंक, रंगोली, चित्रकला ,मेहंदी प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कविता, गायन, नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पी.एस .चौहान द्वारा का उपस्थित बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा के अभी हाल ही में हुए ओलंपिक खेलों में पैरा गेम्स में भारत को बहुत अच्छी सफलता प्राप्त हुई है। भिंड जिले के ही दिव्यांग छात्र ने तैराकी में भी कीर्तिमान स्थापित किया है और आप लोगों से भी आशा है कि आप खेल में अपने विकासखंड ,जिले एवं प्रदेश व देश का नाम अवश्य रूप से रोशन करेंगे ऐसी आप सभी से आशा है ।मंचासीन सत्येंद्र सिंह कुशवाह ,देवेंद्र सिंह गुर्जर, प्रद्युम्न सिंह तोमर खंड स्रोत समन्वयक व शैलेश त्रिपाठी संदीप सिंह कुशवाह अभय कुमार सिन्हा एपीसी एवं नरेश सिंह भदौरिया प्रधानाध्यापक द्वारा भी अपने विचार प्रस्तुत किए कार्यक्रम का संचालन डीआरजी परमाल सिंह कुशवाह एवं वरुण सिंह भदौरिया द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में श्री संदीप सिंह कुशवाह एपीसी अकादमिक द्वारा उपस्थित सभी का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मधुकांता चौहान, राखी त्रिपाठी, मीना ओझा, अमरनाथ सेठ ,राकेश राजपूत, वरुण सिंह भदौरिया, परमाल सिंह कुशवाह, सुनील सिंह भदौरिया ,अनूप सिंह भदौरिया, कल्पना मिश्रा,

## अर्थव्यवस्था पटरी पर

देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। हमारी विकास दर 8.4 फीसदी पहुंच गई है। 2021-22 की दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर के बीच दर्ज की गई ये विकास दर उम्मीद से बेहतर है। यह हमारी अर्थव्यवस्था के कोरोनामुक्त होने का संकेत है, क्योंकि अब यह कोरोना काल से पहले से भी ज्यादा हो गई है। 2019 में अर्थव्यवस्था का आकार 35.61 लाख करोड़ था। अब यह 35.71 लाख करोड़ हो गया है। विकास की रफ्तार को सेक्टर के हिसाब से देखें तो सबसे ज्यादा ग्रोथ माइनिंग सेक्टर में हुई है। यहां विकास दर 15.4 फीसदी पहुंच गई। इसी तरह मैन्युफैक्चरिंग में 5.5 फीसदी, निर्माण गतिविधियों में 7.5 फीसदी, एग्रीकल्चर सेक्टर में 4.5 फीसदी की ग्रोथ रही। विकास दर की रफ्तार की बात करें तो भारत दुनिया में सबसे तेज रहा है। उसके बाद नंबर तुर्की का है, जिसकी विकास दर 6.9 फीसदी रही है। अमेरिका और चीन हमसे पीछे हैं। दोनों की विकास दर 4.9 फीसदी रही है। जापान में ये रफ्तार सिर्फ 1.4 फीसदी रही है। 2020-21 की पहली तिमाही में लॉकडाउन के बाद सबसे ज्यादा असर कंस्ट्रक्शन सेक्टर में पड़ा था। 50.3 फीसदी गिरावट के साथ ये सेक्टर 1.30 लाख करोड़ तक सिमट गया था। अब इसमें सुधार दर्ज किया गया है। कोविड से पहले के स्तर के मुकाबले अब ये महज 660 करोड़ रुपए पीछे रह गया है। 2020 में अप्रैल से जून के दौरान देश की अर्थव्यवस्था 24.4 फीसदी की दर से गिरी थी, अक्टूबर से नवंबर के दौरान इसमें 0.4 फीसदी की बढ़त दिखी थी। 2021 में इसमें सुधार दिखाई दिया। जनवरी से मार्च में जीडीपी 1.6 फीसदी और अप्रैल से जून में 20.1 फीसदी की दर से बढ़ी। इस साल अप्रैल से अक्टूबर के बीच फिस्कल डेफिसिट पूरे साल के टारगेट से 36.3 फीसदी पर रहा है। कुल टैक्स कलेक्शन 10.53 लाख करोड़ रुपए रहा है। सरकार का कुल खर्च 18.27 लाख करोड़ रुपए रहा है। सरकार ने इस साल फिस्कल डेफिसिट 6.8 फीसदी रहने का अनुमान जाहिर किया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा था कि रियल जीडीपी ग्रोथ 7.9 फीसदी रह सकती है। रिजर्व बैंक का मानना था कि भारत की जीडीपी ग्रोथ 8 से 9 फीसदी के बीच में रह सकती है। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का अनुमान था कि विकास दर 8.1 फीसदी रह सकती है। वहीं डच बैंक और बैंक ऑफ अमेरिका का मानना था कि भारत की ग्रोथ रेट 8 फीसदी रह सकती है। कोटक सिक्योरिटीज ने 7 फीसदी की ग्रोथ रेट की उम्मीद जताई थी। वहीं, रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने अपनी रिपोर्ट में भारत में आर्थिक ग्रोथ में मजबूत रिकवरी होने का अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2021-2022 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान 9.3 फीसदी रहने की उम्मीद जताई है जबकि वित्त वर्ष 2022-2023 में देश की जीडीपी ग्रोथ 7.9 फीसदी रहने की बात कही है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में कोरोना वैक्सीनेशन में तेज रफ्तार भारत की आर्थिक गतिविधियों में वापसी के लिए मददगार साबित होगी। मूडीज की एनालिस्ट श्वेता पटोदिया ने कहा कि भारत में कोरोना के खिलाफ वैक्सीनेशन अभियान की तेज गति से आर्थिक विकास को गति मिल रही है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में हाल ही में रिकॉर्ड वैक्सीनेशन का लक्ष्य हासिल किया है। कोरोना की दूसरी लहर के बाद भारत में वैक्सीनेशन प्रोग्राम की रफ्तार तेज हुई है। मूडीज ने कहा कि अगर देश कोविड-19 की एक और लहर का सामना करना पड़ता है तो कंज्यूमर सेंटिमेंट में गिरावट का खतरा है इससे आर्थिक गतिविधियों और कंज्यूमर डिमांड को बड़ा झटका लगेगा।

# मसीहाई अंदाज में किसान बिल की वापसी

**जावेद अनीस**

पिछले सात सालों में ऐसे मौके बहुत कम आये हैं जब नागरिक समूहों के दबाव के चलते मोदी सरकार ने अपना कोई फैसला वापस लिया हो इसलिये जब बीते 19 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने का एलान किया तो यह सभी के लिए चौंकाने वाला था जिसमें उनके धुर विरोधी और समर्थक दोनों शामिल थे. क़ानून वापसी की यह घोषणा ÷अचानक÷ के साथ ÷एकतरफा÷ भी थी जिसके साथ प्रधानमंत्री यह कहना भी नहीं भूले कि ÷ये कानून किसानों के हित में बनाए गए थे, लेकिन शासन की तरफ से किसानों को समझाया नहीं जा सका÷. शायद यही वजह है कि प्रधानमंत्री के ÷मसीहाई÷ अंदाज में बिल वापसी के ऐलान और संसद के दोनों सदनों से इसकी वापसी की मुहर के बाद भी के बाद भी आन्दोलनकारी अभी भी डटे हुए हैं और अपने बाकी बचे मांगों के पूरे होने तक आन्दोलन जारी रखने की बात कर रहे हैं.

कानून को लाने की प्रक्रिया की तरह इसके वापसी की प्रक्रिया भी एकतरफा थी, ना तो इस कानूनों को लाने से पहले किसानों से बातचीत की गयी और ना ही इनके वापसी से पहले आन्दोलनकारियों से इस सम्बन्ध में बात करने की कोशिश की गयी. ऊपर से कृषि कानून वापसी बिल दोनों सदनों राज्यसभा और लोकसभा में भी बिना चर्चा के पास कर दिया गया. ऊपर से मोदी सरकार और उनके समर्थक यह मानने को तैयार नहीं हैं कि कानूनों में कोई गलती थी बल्कि उनका यह कहना है कि कानून तो किसानों के हित में था लेकिन किसान ही इसकी अच्छाइयों को समझ नहीं पाए क्योंकि उन्हें बरगला दिया गया इसलिये प्रधानमंत्री को ÷देशहित÷ में कानून वापस लेना पड़ा.

पिछले एक साल से मोदी सरकार और उनका व्यापक समर्थक समूह इस कानून को सही ठहराने में पूरी ताकत लगाये हुए था लेकिन किसानों के इस आन्दोलन में ऐसा क्या था जो उन्हें अपनी हठधर्मिता छोड़ कर पीछे हटना पड़ा? जबकि इससे पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ चले आंदोलन को लेकर को लेकर मोदी सरकार का रवैया पूरी तरह से उदासीन था.

ऐसा बिलकुल नहीं है कि पिछले एक वर्षों के किसान आन्दोलन को लेकर मोदी सरकार का रवैया सौहार्दपूर्ण रहा हो. बल्कि इस दौरान आन्दोलनकारी पूरे समय निशाने पर रहे हैं और उन्हें पस्त करने के लिये हर हथखंडे अपनाए गये. खुद प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में उन्हें ÷आंदोलनजीवी÷ जैसे शब्दों से नवाजा था, इसमें मोदी सरकार के कई मंत्री भी शामिल रहे जैसे रविशंकर प्रसाद ने किसानों के प्रदर्शन में टुकड़े टुकड़े गैंग का हाथ होने का आरोप लगाया, पीयूष गोयल ने किसान आंदोलन के माओवादी विचारधारा से प्रेरित लोगों के हाथों में चले जाने की बात कही जबकि एक और केन्द्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे ने तो आंदोलन के पीछे पाकिस्तान और चीन का हाथ बता डाला था. इस दौरान आन्दोलनकारियों के हौंसले को तोड़ने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ी गयी जिसमें पानी की सप्लाई रोकने से लेकर धरना स्थलों पर कील-कांटे बैरिकेडिंग जैसे काम शामिल हैं. सत्ता समर्थित मीडिया और सोशल मीडिया की ट्रोल सेना द्वारा भी किसान आन्दोलन को बदनाम करने और देशद्रोही घोषित करने में अपनी पूरी ताकत लगा दी गयी, यहां तक कि कोरोना की दूसरी लहर भी उन्हें डिगा नहीं पाई. इस बीच सुप्रीम कोर्ट द्वारा अस्थायी तौर पर क़ानूनों को निलंबित कर दिया गया तब भी प्रदर्शनकारी अपने मूल मांग पर कायम रहे. लेकिन इन तमाम विपरीत परिस्थितयों के बावजूद भी किसान आन्दोलनकारी पूरी एकता और साहस के साथ पूरे एक साल तक टिके रहे. बताया जा रहा है कि इस दौरान करीब साढे सात सौ प्रदर्शनकारियों की मौत भी हुयी है.

सात साल के कार्यकाल में सम्भवतः यह दूसरा मौका है जब मोदी सरकार को अपना कोई बड़ा कदम वापस लेना पड़ा हो. यह संयोग नहीं है कि इन दोनों मौकों के केंद्र में किसान हैं. इससे पहले 2015 में मोदी सरकार को विवादित भूमि अधिग्रहण कानून वापस लेने को मजबूर होना पड़ा था. इस कानून को भी



अध्यादेश के माध्यम से लाया गया था जिसका किसानों और विपक्षी दलों की तरफ से जोरदार विरोध किया गया था.

कृषि कानूनों की वापसी से ठीक पहले दो घटनाएं हुयी हैं जिनपर ध्यान देना जरूरी हैं. पहली घटना आठ नवम्बर की है जब उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा लम्बे अंतराल के बाद पश्चिमी उत्तरप्रदेश का कैराना का दौरा किया गया जहाँ उन्होंने ÷पलायन÷ के मुद्दे को एक बार फिर हवा देने की कोशिश की और मुज़फ़्फ़रनगर दंगे को याद करते हुए कहा कि ÷मुज़फ़्फ़रनगर का दंगा हो या कैराना का पलायन, यह हमारे लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि प्रदेश और देश की आन, बान और शान पर आने वाली आंच का मुद्दा रहा है.÷

दूसरी घटना का जुडाव भाजपा की यूपी चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों से है. कानून वापसी से ठीक एक दिन पहले आगामी यूपी चुनाव के लिए अमित शाह को पश्चिमी उत्तर प्रदेश और ब्रज क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है यानी किसान आंदोलन से प्रभावित जाट बहुल इलाके का प्रभार अमित शाह के पास रहेगा. अमित इससे पहले 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों और 2017 यूपी के विधानसभा चुनावों में अपना कमाल करके दिखा चुके हैं, वे उत्तरप्रदेश और खासकर इस पश्चिमी इलाके से बहुत अच्छी तरीके से परिचित हैं और यूपी को भाजपा के नए प्रयोगशाला की शुरुआत उन्होंने इसी इलाके से की थी. अब एक बार फिर उनको जिम्मेदारी दी गयी है कि वे खेती-किसानी के नैरेटिव पर आगे बढ़ चुके पश्चिमी उत्तरप्रदेश को भाजपा के कोर नैरेटिव पर वापस लेकर आयें.

हम सभी जानते हैं कि किस तरह से किसान आन्दोलन ने 2013 में मुजफ्फरनगर दंगे के बाद बंट चुके जाट और मुस्लिम समुदाय को साथ लाने का काम किया है. इसने दोनों समुदायों के बीच की दरार और कड़वाहट को कम किया है. किसान मुद्दों पर बुलाई गयी महापंचायतों में जात और मुस्लिम खाप दोनों एक साथ शामिल हुये. इन सबके चलते आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के करीब सवा सौ सीटें चुनौती बनती जा रही थी.

दूसरी तरफ इस दौरान भाजपा सरकार द्वारा वैधानिक तरीकों से इस देश को अलग तरह से परिभाषित करने की कोशिश की गयी है जिसमें राम मंदिर, लव जिहाद, सीए-एनआरसी और धारा 370 से सम्बंधित कानून शामिल हैं. यह चारों कानून मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे नए भारत की बुनियाद हैं साथ ही भाजपा की राजनीतिक पूंजी भी. किसान आन्दोलन और इसमें उभर रही सामुदायिक एकता एक प्रकार से इस राजनीतिक पूंजी का अतिक्रमण कर रहे थे. जनता के बीच धार्मिक और साम्प्रदायिक पहचान से परे कोई भी सामूहिक और जुटान एक ऐसा पिच है जिसपर भाजपा और उसकी सरकारें कभी भी सहज नहीं रही हैं. इसीलिए आन्दोलनकारियों का अन्य पहचानों को पीछे छोड़ते हुये किसान और एक नागरिक समूह के तौर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन उसके गले की हड्डी बनता जा रहा था.

इसके बरअक्स जब हम नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ शाहीन बाग में हुए आंदोलन को देखते हैं तो यह भाजपा का पिच था इसलिये मोदी सरकार इस आन्दोलन के प्रति पूरी तरह से उदासीन थी. यहाँ सरकार की तरह से वार्ता की कोई पहल भी नहीं की गयी थी और आखिरकार कोरोना की पहली लहर के दौरान यह आंदोलन खत्म हो गया था. तभी तो राकेश टिकैत ने एक बार सरकार को चेताते हुए कहा था ÷किसानों का आंदोलन शाहीन बाग जैसा धरना नहीं है कि सरकार जब चाहे उखाड़ फेंके.÷ दरअसल अल्पसंख्यक के मुद्दों पर बेरुखी और इनपर आक्रमक रूप से हमलावर होना ही तो भाजपा की असली ताकत हैं. यह सही है किसान आन्दोलन में सिख अल्पसंख्यक भी शामिल हैं।

## अनुभव का लाभ

एक विदेशी राजा ने भारत पर आप्रमण करना चाहा। उसने सोचा कि आप्रमण से पूर्व यह जान लेना चाहिए कि उस राजा के पास कोई बुद्धिमान व्यक्ति है या नहीं? उस राजा ने सुरमे की एक डिबिया देकर एक दूत भेजा। उस डिबिया में दो आंखों में ही लगाने लायक सुरमा था। वह सुरमा अंधे को आंख देने में समर्थ था। दूत आया। दूत ने कहा, दो आंखों में ही आ जाए, इस डिबिया में इतना-सा सुरमा है। हमें इसकी अधिक आवश्यकता है। आपके पास हो तो हमें दें। या इस सुरमे के आधार पर कोई व्यक्ति ?सा ही सुरमा बना सके तो हम उस आदमी को अपने साथ ले जाना चाहेंगे। राजा ने मंत्रियों से सलाह ली। किन्तु ?सा सुरमा कौन बना सके? किसी को समाधान नहीं आया। राजा ने सोचा, एक बूढ़ा मंत्री था, जो अभी सेवानिवृत्त हुआ है, उससे पूछा जाए। राजा ने उसे बुला भेजा। वह अंधा हो गया था। वह आया। मंत्री ने डिबिया ली। एक आंख में सुरमा लगाया। कुछ ही क्षणों बाद उसे दिखने लगा। जो शेष सुरमा बचा था, उसे अपनी जीभ पर रख लिया। स्वाद से उसने सुरमे के सारे द्रव्यों का विश्लेषण कर लिया। घर जाकर वैसा ही सुरमा बनाया। परीक्षण के लिए अपनी दूसरी आंख में उसे लगाया। आंख खुल गई। उसने शेष सुरमा डिबिया में भरकर दूत से कहा, जाओ, अपने सम्राट से कहना कि ?सा सुरमा जितना चाहे यहां से मंगा लें। दूत गया। सम्राट को वृत्तान्त सुनाया। सम्राट ने सोचा, जिस देश में ?से अनुभवी और वृद्ध रहते हैं, इतने बुद्धिमान मंत्री हैं, उस देश पर आप्रमण करना भयंकर भूल होगी।

# हरीश रावत के सामने नही टिक पा रहे है पुष्कर सिंह धामी!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पहले परिवर्तन यात्रा ओर अब सदस्यता अभियान से उत्तराखंड में कांग्रेस का वातावरण बनाने की कोशिश की है।इससे आम जनता में एक संदेश गया है कि कांग्रेस अब भाजपा की नाकामियों के सहारे ही सही चुनाव के लिए उठ खड़ी हुई है।कांग्रेस लोगो को यह समझाने में भी कामयाब हो रही है कि इस बार भाजपा जा रही है और कांग्रेस आ रही है।इसलिए कांग्रेस के पक्ष में वे युवा आकर खड़े हो जिन्हें रोजगार नही मिल पाया ,वे किसान आकर खड़े हो जिन्हें कृषि कानूनों के कारण 11 महीनों तक सड़को पर आंदोलन करना पड़ा।वे व्यापारी आकर खड़े हो जिनका व्यापार जीएसटी की मनमानी के कारण ठप्प हो गया। हरीश रावत कांग्रेस के उन निष्ठावान कांग्रेसियो तक अपनी पहुंच बनाने में कामयाब हो रहे है,जो घर बैठ गए थे। हालांकिअवसरवादियों ,दलबदलुओं या फिर पार्टी को धोखा देकर निर्दलीय चुनाव लड़ चुके लोगो के आभामण्डल से पार्टी को अभी भी खतरा है ,ये लोग पूरे पांच साल तक तो संगठन से दूर रहे लेकिन चुनावी आहट होते ही होर्डिंग्स, बैनरो व पम्पलेट में स्वयं को पार्टी का वरिष्ठ नेता घोषित कर टिकट के दावेदारो की कतार में आकर खड़े हो गए है। धरातल स्तर पर ये लोग चुनाव में अपनी जमानत भी न बचा पाते है।राज्यभर में विधानसभावार पहले परिवर्तन यात्रा और अब सदस्यता अभियान से कांग्रेस मजबूती की ओर बढ़ रही है। लेकिन पार्टी स्तर पर एकता का संदेश देने की आज भी आवश्यकता है। कांग्रेस महासचिव हरीश रावत व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल जहां जहां भी गए वहां वहां के निष्ठावान कांग्रेसियो के बारे में जानकारी जुटाकर उनसे मिलते है और उन्हें कांग्रेस के साथ जोड़ने का काम कर रहे है।कांग्रेस की मजबूती के लिए जरूरी है कि कांग्रेस अपना कुनबा पहले की तरह बढाती रहे और जो कांग्रेसी जिम्मेदार पदों पर रहे है या निष्ठावान है उनका उपयोग संगठन स्तर पर तो करे ही यदि उनमे जनाधार नज़र आए तो उन्हें आगे बढ़ने का अवसर भी दिया जाए।कुमायूं व गढ़वाल के हरिद्वार में परिवर्तन यात्रा व सदस्यता अभियान में जिस तरह से लोगों का समर्थन कांग्रेस को मिला है, उससे स्पष्ट है कि लोग राज्य में अब सत्ता परिवर्तन का मन बना चुके हैं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का कहना है कि उत्तराखंड में कांग्रेस इस बार बहुमत से सरकार बनाएगी।यह दावा तभी कारगर हो सकता है जब उत्तराखंड के शीर्ष नेता आपस की गुटबाजी छोड़कर एक हो जाए और खुले मन से हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव मैदान में उतरे।यह भी सच है कि सन 2022 में हो रहे उत्तराखण्ड विधानसभा चुनाव के लिए हरीश रावत महानायक बनकर उभर रहे है।पहले पंजाब संकट से जूझते हुए हालात सामान्य बनाने में कामयाब हुए हरीश रावत ने उत्तराखंड में भी चुनाव अभियान समिति की कमान संभालकर यह साफ संकेत दे दिया है कि आने वाला समय अब कांग्रेस का है। सन 2016 में जब अलोकतांत्रिक तरीके से हरीश रावत की सरकार गिराई गई थी ,उस समय अपने चातुर्य से सरकार बचाने में कामयाब हुए हरीश रावत देश ही नही दुनियाभर में एक बडे नेता बनकर उभरे थे।उस समय उनकी तुलना देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के समान होने लगी थी। राजनीति के कुशल खिलाडी हरीश रावत हर मामले में मोदी सरकार को मात देने में सफल रहे।अपनी सरकार के समय हुए उपचुनाव , चार धाम यात्रा और अर्धकुम्भ की सफलता ने हरीश रावत को मजबूत बनाया। कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के भरोसे विरोधियों को मात देने में माहिर हरीश रावत जमीनी कार्यकर्ताओ को सदैव सम्मान देते रहे है।उत्तराखंड में पहाड हो या मैदान ,शहर हो या गांव ,घर हो या चौपाल ,शायद ही ऐसी कोई जगह हो, जहां हरीश रावत का कोई न कोई कार्यकर्ता मौजूद न हो। प्रत्येक कार्यकर्ता के दुख सुख के साथी हरीश रावत की एक बडी खाशियत यह भी है कि उन्हे अपने हर कार्यकर्ता का नाम तक याद रहता है। किस कार्यकर्ता से क्या काम लेना है? कैसे काम लेना है ?यह हरीश रावत को बखूबी आता है। मुख्यमन्त्री बन जाने के बाद भी वे अपने कार्यकर्ताओ वही मान सम्मान देते रहे है जो पहले से देते आए है। छोटे से छोटे कार्यकर्ता के महत्व और सम्मान को तरजीह देने में माहिर हरीश रावत को अपने कार्यकर्ताओं के बीच रहकर विशेष उर्जा मिलती है।

# कोरोना अभी गया नहीं, सजग रहें!

### सूडोकु नवताल- 5911

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5910 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

कोरोना ने जिस तरह की तबाही विश्वभर में मचाई , सभी भलीभॉति परिचित है, इसी कारण कोरोना का नाम आते ही सजगता हर दिशा में नजर आने लगती है। संसद के शीतकालीन सत्र में कोरोना के नये वेरिएंट ओमीक्रॉन को लेकर चर्चा जारी है। चीन से शुरू कोरोना के पहले चरण एवं दूसरे चरण से अभी पूरी तरह निजात नहीं मिली कि दक्षिण अफ्रीका से कोरोना के नये वेरिएंट ओमीक्रान के फैलने की खबर से चारों ओर भय का वातावरण फिर से उभर चला है। इस कोरोना के नये रूप से देश को बचाया जा सके इस दिशा में राज्य सरकार से लेकर केन्द्र सरकार जागरूक नजर आने लगी है। शीतकालीन सत्र में इस पर चर्चा इस बात का द्योतक है।

कोरोना का प्रभाव कम जरूर हुआ है पर अभी गया नहीं, जगह - जगह से आ रहे आकड़े इस बात के प्रमाण है। देश के दक्षिण भाग से कोरोना संक्रमण के तेज आकड़े अभी भी आ रहे है। जब कि देश के अन्य भाग से कोरोना की दूसरी लहर थमने के बाद सामान्य जिंदगी धीरे - धीरे पटरी पर लौटने लगी। बाजार, मॉल, उद्योग, रोजगार के अन्य दरवाजे कोरोना गाइड की पालना करने के आदेश के साथ अवश्य खुल गये जहां चहल पहल शुरू हो गई। कोरोना फिर से न फैले, टीकाकरण, मास्क एवं दो गज की दूरी जरूरी की हिदायत सरकारी तौर पर बराबर आमजन को दी जा रही है पर इस दिशा



में समय निकलने के साथ साथ लापरवाही भी नजर आने लगी है। चेहरे पर मास्क है पर नाक मुंह खुले नजर आने लगे है। बाजार, मॉल, दुकान पर चहलकदमी के साथ - साथ भीड़ भी उमड़ती नजर आने लगी है। बस में भी पहले की तरह भीड़ नजर आने लगी है। बिना मास्क के भी अध्किांश लोग इस भीड़ में शामिल नजर आने लगे है। इस तरह की लापरवाही कोरोना को फिर से आने का निमंत्रण दे सकता है।

कोरोना के पहले लहर ने देश के वृद्धजनों को शिकार बनाया तो दूसरी लहर ने हमसे कई युवाओं को छीन लिया , कोरोना के आगामी चरण नन्हें सुकुमारों को शिकार करने के लिये तैयार बैठा नजर आ रहा है जहां अभी इस वर्ग का टीकाकरण भी नहीं हुआ है। बिना टीकाकरण के विद्यालय खोले जाने इस दिशा में कितना घातक साबित हो सकते, विचारणीय पहलू है। इस तरह के हालात के साथ -साथ ओमीक्रॉन आने की खबर ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है।

इस तरह के उभरते हालात के बीच चुनाव सरगर्मिया, रैलियां कितनी खतरनाक साबित हो सकती है, विचारणीय मुद्दा है। अभी हाल ही में राजस्थान जहां कोरोना के नये केस बढ़ते नजर आ रहे है , ओमीक्रॉन के तेवर हवा में गुंज रहे है वहां कांग्रेस महंगाई को लेकर महारैली का आयोजन कर रही है, स्थिति चिंताजनक है।

कोरोना के नये तेवर ओमीक्रॉन से बचाव हेतु पहल तो शुरू हो गई है, उड़ाने बंद नहीं है पर बाहर से आने वालों की जांच एवं 7 दिन क्वाटिन किये जाने की बात नजर आ रही है। उड़ानें बंद की भी स्थिति आ सकती है । पर कोरोना गाइड की पालना होना फिलहाल बहुत जरूरी है। टीकाकरण पहल में सजगता बहुत जरूरी है। देश में लोकतांत्रिक पहल भी जरूरी है पर कोरोना न फिर से फैले इस दिशा में जागरूकता बहुत जरूरी है। रैली, चुनावी सभा पर फिलहाल रोक लगना बहुत जरूरी है तभी कोरोना के नये तेवर को रोका जा सकेगा। लोकतांत्रिक पहल कोरोना गाइड के तहत हो इस दिशा में संसद के शीतकालीन सत्र में सकरात्मक चर्चा होनी चाहिए ताकि देश को कोरोना के नये तेवर से आमजन की रक्षा की जा सके। देश हित में यहीं जरूरी है। इस दिशा में सभी राजनीतिक दल को सकरात्मक सोच विचार एवं सही कदम उठाना चाहिए।

## चीनी चंगुल और यूरोपीय मदद

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

जो काम भारत को करना चाहिए था, वह अब यूरोपीय संघ करेगा। चीन ने 'रेशम महापथ' की अपनी पुरानी चीनी रणनीति को नया नाम देकर एशिया और अफ्रीका में फैला दिया है। भारत के लगभग सभी पड़ौसी राष्ट्रों को उसने अपने बंधन में बांध लिया है। लगभग सभी उसके कर्जदार बन गए हैं। उसने एशिया और अफ्रीका के देशों को एक विशाल सड़क से जोड़ने की योजना तो बनाई ही है, वह इन देशों में बंदरगाह, रेलवे, नहर, बिजलीघर, गैस और तेल की पाइपलान वगैरह कई चीजें बनाने का लालच उन्हें दे रहा है। इन निर्माण-कार्यों से इन देशों को अरबों-खरबों रु. का टैक्स मिलने के सपने भी दिखा रहा है। उसने लगभग 65 देशों से भी ज्यादा को अपने चंगुल में फंसा लिया है। अब तो 139 देशों ने इस चीनी पहल से सहमति जताई है। इन देशों की कुल जीडीपी वैश्विक जीडीपी की 40 प्रतिशत है। अभी तक चीन ने एशिया और अफ्रीका के जिन देशों को मोटे-मोटे कर्ज दिए हैं, यदि उनके मूल दस्तावेज आप पढ़ें तो उनकी शर्तें जानकर आप भौंचक रह जाएंगे। यदि निश्चित समय में वे राष्ट्र चीनी कर्ज नहीं चुका पाएंगे तो उन निर्माण-कार्यों पर चीन का अधिकार हो जाएगा। चीन उनका संचालन करेगा और अपनी राशि ब्याज समेत वसूल करेगा या किंही दूसरे स्थलों को अपने नियंत्रण में ले लेगा। एक अर्थ में यह नव-उपनिवेशवाद है। इसका मुकाबला भारत को कम से कम दक्षिण और मध्य एशिया में तो करना ही था। उसे नव-उपनिवेशवाद नहीं, इस क्षेत्र में वृहत परिवारवाद का परिचय देना था लेकिन अब यह काम यूरोपीय संघ करेगा। उसने घोषणा की है कि वह चीन के रेशम महापथ की टक्कर में 'विश्व महापथ' प्रारंभ करेगा। वह 340 अरब डॉलर लगाएगा और अफ्रो-एशियाई देशों को समग्र विकास के लिए अनुदान देगा। चीन की तरह वह ब्याजखोरी नहीं करेगा। उसकी कोशिश होगी कि वह इन विकासमान राष्ट्रों को प्रदूषण-नियंत्रण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल, हवाई अड्डे, सड़क-नहर निर्माण तथा अन्य कई क्षेत्रों में न सिर्फ आर्थिक मदद देगा बल्कि हर तरह का सहयोग करेगा ताकि इन देशों के साथ उसका व्यापार भी बढ़े और इन देशों के लोगों को नए-नए रोजगार भी मिलें। चीन भी इन देशों में रोजगार बढ़ाता है लेकिन वह सिर्फ चीनी मजदूरों का ही बढ़ाता है। यूरोपीय संघ उत्तर-अफ्रीकी देशों को आपस में जोड़नेवाला एक भूमध्यसागरीय महापथ भी बनानेवाला है। यूरोपीय संघ की यह उदारता सर्वथा सराहनीय है लेकिन हम यह न भूलें कि यूरोप की समृद्धि का रहस्य उसके पिछले 200 साल के उपनिवेशवाद में भी छिपा है।

# माकपा ही परिवर्तन की असली अगुआ शक्ति हैः जसविंदर सिंह

### -माकपा का 13 वां जिला सम्मेलन संपन्न, महेश प्रजापति जिला सचिव मनोनीत



**कैलारस।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का 13 वां जिला सम्मेलन कालेज रोड स्थित सभागार में संपन्न हुआ। यह सम्मेलन प्रसिद्ध वामपंथी नेता गणेश मरैया की स्मृति को समर्पित किया गया है। सम्मेलन स्थल का नाम उन्ही के नाम पर रखा गया। सम्मेलन में प्रतिवेदन जिला सचिव गयाराम सिंह धाकड़ द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिस पर बहस में सदस्यों ने भाग लिया। रिपोर्ट सर्वसम्मति से पारित की गई, आय-व्यय भी पारित किया गया। इस दौरान 17 सदस्यीय नई जिला समिति का भी चुनाव हुआ, जिसमें जिला सचिव महेश प्रजापति चुने गए। सम्मेलन में तीन वयोवृद्ध साथियों रामसिंह पटेल, जगन्नाथ सिंह धाकड़, उदयराज सिंह को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन का समापन पार्टी के केंद्रीय समिति के सदस्य राज्य सचिव जसविंदर सिंह द्वारा किया गया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि देश में माकपा ही केवल ऐसी पार्टी है जिसमें लोकतंत्र कायम है। हमारी पार्टी में नेतृत्व का निर्वाचन तथा नीति का निर्धारण पूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से होता है। यह इसलिए है कि, हमारा जो लक्ष्य है वह बुनियादी परिवर्तन का लक्ष्य है। इसी के अनुरूप हमारी कार्यप्रणाली है। अन्य पूंजीवादी, दक्षिणपंथी दलों का इस तरह का कोई मकसद नहीं है। वो इस व्यवस्था को कायम रखना और मजबूत करना चाहते हैं, इसलिए उनकी कार्यशैली गैर लोकतांत्रिक है। उन्होंने मुरैना जिले में बामपंथ के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि, अधूरे कार्यों को पूरे करने और आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने दलित उत्पीड़न, सहित हरकिस्मी शोषण के खिलाफ संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। साथ ही जसविंदर सिंह ने आन्दोलन को व्यापक और मजबूत पुराने की अपील की। पार्टी को जिले के नक्शे पर स्थापित करने के लिए जन संगठनों को व्यापक बनाने संघर्ष तेज करने, युवाओं को जोड़ने का आग्रह किया। सम्मेलन में सांप्रदायिकता, दलित उत्पीड़न, महिला उत्पीड़न शक्कर कारखाना चालू करने सहित 7 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। सम्मेलन की अध्यक्षता जेके पिप्पल, मुरारी लाल धाकड़, उमा नायडू ने की। सम्मेलन का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला सचिव मंडल ने सम्मेलन में सहयोग करने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार के लिये जागरुकता रथ को झण्डी दिखाकर किया रवाना

**मुरैना।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ अधिक से अधिक किसान ले सकें। इसके लिये आवश्यक है कि योजना से संबंधित जानकारी अधिकतम किसानों को दी जाये। इसी उद्देश्य से जागरुकता रथ के माध्यम से जिले के गाँव-गाँव पहुँचकर योजना का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी वर्ष 2021-22 में फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उप संचालक अनंत बिहारी सडैया ने योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिये कृषि कार्यालय परिसर मुरैना में दो रथों को शुक्रवार को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रथ एक माह तक जिले के 7 विकासखण्डों के गाँव-गाँव जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ से किसानों को अवगत करायेगें। इस दौरान एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कंपनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के प्रतिनिधि भी जानकारी प्रदाय करने हेतु जागरुकता रथ के साथ रहेंगे।

## किसानों को खाद का संतुलित उपयोग करने की सलाह

**मुरैना।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसान को सलाह दी गई है कि आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग न करें। फसल के लिये अन्य पोषक तत्वों की भी आवश्यकता होती है। कृषि विभाग ने किसानों से कहा है कि किसान मिट्टी परीक्षण कराए और उसी के हिसाब से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे कृषि वैज्ञानिकों से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर उर्वरकों का उपयोग करें ताकि फसल का अच्छा उत्पादन प्राप्त हो।

# कोविड की तीसरी लहर को रोकने के लिये हर संभव प्रयास हों: सीएमएचओ



**मुरैना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एडी शर्मा ने कहा है कि प्राप्त समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि कोविड की तीसरी लहर आने की संभावना है। इससे बचने के लिये हम सभी को ऐतिहात बरतनें होंगे। कोविड की तीसरी लहर को रोकने के लिये हर संभव प्रयास करें। यह बात उन्होंने शुक्रवार को सीएमएचओ के सभागार में संबोधित करते हुये मीडिया प्रतिनिधियों से कही। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल, डीपीएम डॉ. एसपी श्रीवास्तव सहित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एडी शर्मा ने कहा कि कोविड के अलावा ओमीक्रॉम नया वेरियेंट आया है, यह अन्य कई देशों में पहुंच चुका है। इससे बचने के लिये हमें सावधानी एवं उपाय करने होंगे। उन्होंने कहा कि कोविड की तीसरी लहर हमारे जिले में नहीं आये, इसके लिये जिला प्रशासन पूरी मुस्तेदी के साथ अपडेट है। सभी लोगों से अपेक्षा है कि लोग इससे बचने के लिये मास्क, सेनेटाइजर, सोशल डिस्टेंसिग जैसे उपायों को अपनाना होगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि जिले में 8 ऑक्सीजन प्लांट संचालित है, जिसमें मुरैना में 2, पोरसा, अम्बाह, जौरा, कैलारस और सबलगढ़ में 1-1 ऑक्सीजन प्लांट चालू है। उन्होंने कहा कि जिले में 447 छोटे ऑक्सीजन सिलेंण्डर है और 381 बड़े सिलेण्डर भरे हुये उपलब्ध है। जिले में 5 लीटर के 200 और 10 लीटर के 400 ऑक्सीजन कंसेटेटर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि नया भवन भी बनकर तैयार है, स्टाफ की कमी है। इसके लिये 76 चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ के प्रस्ताव शासन को भेजे जा चुके है। कोविड से संबंधित पर्याप्त मात्रा में दवायें एवं रेमडीसेवर इंजेक्शन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कोविड की तीसरी लहर से बचने के लिये स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है, लोगों को जनजागरूक करने के लिये तथा कोविड नियमों का पालन करने के लिये प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। सभी लोग घर से निकलने से अपने मास्क अवश्य लगायें।

## वाहनों से अवैध वसूली करने वाले आरोपियों को 01-01 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** फर्जी रसीद कट्टे छपवाकर वाहनों से अवैध वसूली करने के मामले में न्यायालय श्रीमान कपिल देव काछी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण बंटी उर्फ भूपेन्द्र पुत्र सामलिया गुर्जर, उम्र-33 वर्ष, निवासी- चूरहेला थाना नूराबाद, जिला मुरैना, छोटल्ली पुत्र कप्तान सिंह गुर्जर, उम्र-42 वर्ष, निवासी- सपचौली थाना बामौर, जिला मुरैना, इंद्रजीत पुत्र केदार सिंह गुर्जर उम्र-36 वर्ष निवासी चुरहेला थाना नूराबाद जिला मुरैना को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 467 में दोषी पाते हुये 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3-3 हजार रूपये का अर्थदण्ड तथा धारा 468 व 471 में 06-06 माह के सश्रम कारावास व 3-3 हजार रूपये (कुल 18 हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन अधिकारी/सहायक मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि 08 फरबरी 2007 को थाना प्रभारी बामौर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि फैक्ट्री एरिया बामौर में कुछ लडके नगर पंचायत बामौर के नाम से फर्जी कट्टे/रसीद छपवाकर ट्रक व अन्य वाहन, जो फैक्ट्री एरिया में आ -जा रहे थे, से अवैध वसूली कर रहे हैं। इस सूचना की तस्दीक दौरान यह पाया कि एक फैक्ट्री के सामने एक ट्रक व एक मिनी ट्रक खडे हुये थे, जिनसे तीन लडके अवैध वसूली करते हुये दिखाई दिए और उनके हाथों में रसीद कट्टे भी थे। उन्होंने उन लोगों से जैसे ही पैसे लिए वैसे ही पुलिस बल द्वारा उनको पकड लिया गया और पूछताछ के दौरान पाया कि ये तीनों लडके अवैध कट्टे एवं पर्चियां लेकर फैक्ट्री एरिया बामौर में आने-जाने वाले वाहनों से अवैध वसूली कर धन कमा रहे थे। मौके पर आरोपीगण के कब्जे से नगर पंचायत बामौर जिला मुरैना की अवैध वसूली की रसीदें व नगदी रूपये व अन्य सामान विधिवत जप्त कर जप्ती पत्रक बनाया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## किसानों के लिए अतिरिक्त आय का बेहतर जरिया है मछली पालन

**मुरैना।** मत्स्य पालन कार्य में रूचि रखने वाले किसान, जो विभिन्न प्रकार से मछली पालन कर अपनी आय बढ़ाना चाहते हैं, उनसे प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत स्वयं की भूमि पर तालाब निर्माण, आरएएस, मत्स्यबीज संवर्धन जलक्षेत्र निर्माण, केज कल्चर, बायोलॉक, हैचरी, फिश फीड मील, बर्फ संयत्र-आइस प्लांट, मत्स्य परिवहन के लिए मोटर साइकिल, तीन पहिया वाहन, साइकिल, मछली की फुटकर दुकान सहित विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर इच्छुक किसान लाभ ले सकते हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा महिला को योजना प्रावधान का 60 प्रतिशत और शेष को 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

## विकलांग दिवस पर वीर सावरकर पार्क में किया गया वृक्षारोपण



**मुरेना।** अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के मौके पर सुशीला देवी वेलफेयर सोसायटी द्वारा पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना के वीर सावरकर पार्क में वृक्षारोपण का आयोजन कर विकलांग जनों का सम्मान भी किया गया। वीर सावरकर पार्क में 11 पौधे लगाए गए जिसमें आंवला, मीठा नीम, चमेली, बेलपत्र शामिल हैं। उसके बाद श्रीमती गीता राठी के निवास पर विकलांग जनों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती हेमा अग्रवाल, स्थानीय पार्षद संजय शर्मा, विकास क्रांति संगठन से रजनीश पंडित, श्रीमती हरदीप कुशवाह, विकलांग बल मध्य प्रदेश से संस्था प्रमुख हेमंत कुशवाह, संरक्षक हेम प्रकाश राठी, श्रीमती अनीता माहेश्वरी, सुधीर राठी, सतीश चंद कुशवाह, विवेक तिवारी, अनूप श्रीवास्तव, श्रीमती रूबी बेस, श्रीमती विनोद बेस, रवि शर्मा, राम श्री माहौर, चंबल संभाग प्रभारी श्रीमती गीता राठी, चंबल संभाग उपाध्यक्ष रामनिवास कुशवाह, जिला अध्यक्ष अली हुसैन, पंकज सिकरवार, दीपक माहौर, महेश गिरी के साथ संस्था एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी तथा सदस्यों के साथ अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए श्रीमती गीता राठी, हेमा अग्रवाल एवं हेमंत कुशवाह तथा उनकी टीम को बधाईयां दी है।

## कांग्रेस की जन-जागरण पदयात्रा आज



**कैलारस।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 14 नवंबर से प्रारंभ जन-जागरण यात्रा का विधानसभा जौरा में दूसरा चरण की यात्रा आज 4 दिसंबर को कैलारस में निकाली जा रही है। जौरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश महासचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की मांग आर्थिक मंदी एवं बढ़ते हुए अपराध की की समस्याओं को लेकर पदयात्रा आयोजित की जा रही है, जो सुबह 11 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस आंतरी से प्रारंभ होकर एमएस रोड होते हुए पुरानी सब्जी मंडी में एक विशाल आम सभा संपन्न होगी।

# जनशिक्षण संस्थान में मनाया गया विश्व एड्स दिवस



**भिण्ड।** जनशिक्षण संस्थान भिण्ड में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संस्थान कार्यालय पर किया गया। इस अवसर पर जनशिक्षण संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया द्वारा मुख्य अतिथि रविमोहन शर्मा प्राचार्य शांति विद्या निकेतन व समाज सेवी डॉ देवेन्द्र चौहान का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा मॉ सरस्वती पर माल्यार्पण गया। इस अवसर पर डॉ देवेन्द्र चौहान द्वारा एड्स पर सभी उपस्थित छात्राओं को जानकारी देते हुये कहा गया कि एड्स छुआ-छूत की बीमारी नहीं है। उसमें एड्स से संक्रमित व्यक्ति के शरीर का कोई भी तरल पदार्थ समान्य व्यक्ति के शरीर में जाने पर ही संक्रमण फैलता है। इसी क्रम में रविमोहन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि अभी भी एड्स के प्रति जागरूकता की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे द्वारा उपस्थित लोगों का आभार व्यक्ति किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय द्वारा जनशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित कार्यक्रम का अवलोकन किया गया एवं कार्यक्रम की सराहना की गयी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया, संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे व मनोज कुमार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, अंजली शर्मा, अमित शर्मा, अजय सिहं कुशवाह, जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश, रामवीर, एवं प्रशिक्षक श्रीमती मिथलेश सोनी, अनीता श्रीवास्तव, साक्षी राखे, अख्तरी बेगम, कुलदीप सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहें।

# ठेकेदार के गुर्गों द्वारा अवैध वसूली से पीड़ित व्यवसाई विधायक के भाई से मिले



**मुरैना।** स्थित बस स्टैंड पर सब्जी के फल एवं हाथ ठेले लगाने वालों से ठेकेदार के गुर्गों द्वारा 10 रूपए के स्थान पर 70 से100 रूपए वसूले जा रहे हैं, जिससे पीड़ित दुकानदारों ने विधायक के भाई से गुहार लगाई और उनके द्वारा नगर निगम अधिकारियों से चर्चा की गई, साथ ही पीड़ितों के साथ मिलकर कोतवाली में भी आवेदन दिया।

बैरियर बस स्टैण्ड पर सब्जी की दुकान व ठेले वालों पर होने वाली अवैध बसूली को रोकने आज ठेले वाले मजदूर वर्ग के लोग अपनी समस्या लेकर मुरैना विधायक राकेश मावई के मुरैना निवास पर पहुंचे। मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि रविंद्र सिंह मावई द्वारा तुरंत निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को दूरभाष के माध्यम से सूचित किया कि उक्त लोगों से नगर पालिक निगम मुरैना के ठेकेदारों द्वारा पर्ची पर 10 रू लिखकर 70 से लेकर 100 रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही है। सब्जी वाले व ठेले वाले अवैध वसूली देने से इन्कार करते है तो ठेकेदार के गुर्गे शराब पीकर उनकी मारपीट कर गाली गलौच करते है और कहते हैं कि कल से दुकान लगाई तो जान से मार देंगे। विधायक प्रतिनिधि द्वारा संबंधित विभाग से मजदूर वर्ग की अवैध वसूली को जल्द से जल्द रोकने के लिए बातचीत की गई। श्री मावई ने कहा कि अवैध वसूली नहीं रोकी गई तो विशाल आंदोलन किया जाएगा। इसके पश्चात पीड़ित दुकानदारों ने कोतवाली पहुंचकर भी अपनी बात रखी और ठेकेदार के लोगों से राहत दिलाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि नगर निगम के द्वारा सब्जी मंडी एवं फुटपाथ के लिए प्रतिवर्ष ठेके दिए जाते हैं तथा ठेकेदार के आदमी निर्धारित राशि वसूल ना करते हुए दादागिरी कर अवैध वसूली कर रहे हैं। विदित हो कि पूर्व में भी खेरीज सब्जी मंडी में अवैध वसूली को लेकर मारपीट की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बाद भी हालात नहीं सुधरे हैं। अब फिर से बैरियर बस स्टैंड पर वही कहानी ठेकेदार के लोगों द्वारा आरंभ कर दी गई है, जिससे कभी भी गंभीर घटना घटित हो सकती है।

# बड़ों का संग हमेशा शिक्षित करता है -पं.दयानंद शास्त्री जी

**दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

श्री नारसिंह सरकार धाम मुरावली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर परम श्रद्धेय पंडित दयानन्द शास्त्री जी महाराज ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि महाराज उत्तानपाद की दो रानियाँ थी, उनकी बड़ी रानी का नाम सुनीति तथा छोटी रानी का नाम सुरुचि था।सुनीति से ध्रुव तथा सुरुचि से उत्तम नाम के पुत्र पैदा हुए। महाराज उत्तानपाद अपनी छोटी रानी सुरुचि से अधिक प्रेम करते थे और सुनीति प्रायः उपेक्षित रहती थी। इसलिए वह सांसारिकता से विरक्त होकर अपना अधिक से अधिक समय भगवान के भजन पूजन में व्यतीत करती थी। एक दिन बड़ी रानी का पुत्र ध्रुव अपने पिता महाराज उत्तानपाद की गोद में बैठ गया। यह देख सुरुचि उसे खींचते हुए गोद से उतार देती है और फटकारते हुए कहती है - 'यह गोद और राजा का सिंहासन मेरे पुत्र उत्तम का है। तुम्हें यह पद प्राप्त करने के लिए भगवान की आराधना करके मेरे गर्भ से उत्पन्न होना पड़ेगा।'



ध्रुव सुरुचि के इस व्यवहार से अत्यन्त दुःखी होकर रोते हुए अपनी माँ सुनीति के पास आते हैं और सब बात कह सुनाते हैं। अपनी सौत के व्यवहार के विषय में जानकर सुनीति के मन में भी अत्यधिक पीड़ा होती है। वह ध्रुव को समझाते हुए कहती है - 'पुत्र ! तुम्हारी विमाता ने क्रोध के आवेश में भी ठीक ही कहा है। भगवान ही तुम्हें पिता का सिंहासन अथवा उससे भी श्रेष्ठ पद देने में समर्थ हैं। अतः तुम्हें उनकी ही आराधना करनी चाहिए।'

माता के वचनों पर विश्वास करके पाँच वर्ष का बालक ध्रुव वन की ओर चल पड़ा। मार्ग में उसे देवर्षि नारद मिले। उन्होंने ध्रुव को अनेक प्रकार से समझाकर घर लौटाने का प्रयास किया किंतु वे उसे वापिस भेजने में असफल रहे। अन्त में उन्होंने ध्रुव को द्वादशाक्षर मन्त्र (ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय) की दीक्षा देकर यमुना तट पर अवस्थित मधुवन में जाकर तप करने का निर्देश दिया।

ध्रुव देवर्षि को प्रणाम करके मधुवन पहुँचे। उन्होंने पहले महीने में कैथ तथा बेर, दूसरे महीने में सूखे पत्ते, तीसरे महीने में जल और चौथे महीने में केवल वायु ग्रहण करके तपस्या की। पाँचवें महीने में उन्होंने एक चरण पर खड़े होकर श्वास लेना भी बन्द कर दिया। मन्त्र के अधिष्ठाता भगवान वासुदेव में ध्रुव का चित्त एकाग्र हो गया। संसार के एकमात्र आधार भगवान में एकाग्र होकर ध्रुव के श्वास-अवरोध कर देने से देवताओं को श्वासावरोध स्वतः हो गया। उनके प्राण संकट में पड़ गए। देवताओं ने भगवान के पास जाकर उनसे ध्रुव को तप से निवृत करने की प्रार्थना की। ध्रुव भगवान के ध्यान में लीन थे। अचानक उनके हृदय की ज्योति अन्तर्विहित हो गई। ध्रुव ने घबराकर अपनी आँखें खोली तो उनके सामने शंख, चक्र, गदा, पद्मधारी भगवान स्वयं खड़े थे। ध्रुव अज्ञान बालक थे, उन्होंने हाथ जोड़कर स्तुति करनी चाही किंतु वाणी ने साथ नहीं दिया। भगवान ने उनके कपोलों से अपने शंख का स्पर्श करा दिया। बालक ध्रुव के मानस में सरस्वती जाग्रत हो गई। उन्होंने हाथ जोड़कर भगवान की भावभीनी स्तुति की। भगवान ने प्रसन्न होकर उन्हें अविचल पद का वरदान दिया।घर लौटने पर महाराज उत्तानपाद ने ध्रुव का अभूतपूर्व स्वागत किया और उनका राज्याभिषेक करके तप के लिए वन में चले गये। ध्रुव नरेश हो गये। संसार में प्रारब्ध शेष हो जाने पर ध्रुव को लेने के लिए स्वर्ग से विमान आया। ध्रुव मृत्यु के मस्तक पर पैर रखकर विमान में आरूढ़ होकर स्वर्ग पधारे। उन्हें अविचल धाम प्राप्त हुआ। उत्तर दिशा में स्थित ध्रुव तारा आज भी उनकी अपूर्व तपस्या का साक्षी है।इस श्रीमद्भागवत कथा में पारीक्षित बनने का परम सौभाग्य श्रीमती भावना,श्री चरण सिंह कौरव ररुआ नं-2 को प्राप्त हुआ।

## वन-टू-वन

### एडिन्बर्ग विश्वविद्यालय के Entrepreneur Society द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन सम्मेलन में अपने विचार रखे



**भरत चौधरी**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी जी के पुत्र भरत चौधरी ने बताया आज के कार्यक्रम के उपरांत एवं कोविड महामारी के नए वेरीयंट के थमते ही एडिन्बर्ग विश्वविद्यालय की एक ऐन्यूअल कॉन्फ़्रेन्स में सबसे युवा वक्ता के रूप में शिरकत करने के लिए एडिन्बर्ग जाने का निमंत्रण मिला है। साथी वक्ता ऋभ्इड्ड्दह्ह ड्ड्ड्यद्मद्दह् एवं तड्डह्4 ष्ट्द्धड्ड्ठ्ठ्श्ठ इंगलंड की कुछ बड़ी कम्पनियों के निदेशक हैं। बेहतर शिक्षा एवं ज़िन्दगी में हर सही अवसर को प्रोत्साहित करने के लिए अपने प्रथम एवं सबसे श्रेष्ठ गुरु माता-पिता के चरणों में नमन।

### भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती ममता मालवीय का अभूतपूर्व स्वागत'



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***


***पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल के निवास स्थान पहुंचकर भाजपा महिला मोर्चा ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मालविका पुष्पा हार पहना दी बधाई***

**बैतूल द्य** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने बैतूल जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तर पर महिला मोर्चा के संगठन को गति प्रदान करने के लिए वरिष्ठ नेत्री श्रीमती ममता मालवीय को बैतूल जिले का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल के निवास स्थान पहुंचकर पुष्पाहार पहनाकर ऐतिहासिक स्वागत करते हुए बधाई दी इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने श्रीमती मालवी को जिला अध्यक्ष बनाए जाने के लिए लोकसभा सांसद दुर्गा दास जी जिला अध्यक्ष बल्ला शुक्ला एवं सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त किया है और कहा है कि श्रीमती मालवीय का नेतृत्व से महिला मोर्चा के संगठन को जिले में मजबूती प्रदान करेगा द्यश्रीमती मालवीय भाजपा महिला मोर्चा के संगठन को जिले में ताकतवर बना कर केंद्र और राज्य सरकार की महिला हितैषी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी, हम समस्त बहनें उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर महिला मोर्चा के संगठन को ऊंचाइयों ले जाएंगे द्य इस अवसर पर श्री मति रश्मि साहू उमा पवार सुनीता देशमुख शशी राजपूत साक्षी सतीजा पूनम पाल माधुरी साबले पदमा साहू बैतूल जिले की मातृशक्ति उपस्थित थे महिलाएं शामिल थीं।

### वसंत मुनि चातुर्मास पूर्ण कर पादयात्रा करते हुए बन्नूर में डॉक्टर महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने स्वागत किया

**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरुः**-सुक्रवार वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सिद्धार्थ नगर के तत्वावधान में वसंत मुनि



ने चतुर्मास पूर्ण कर पदयात्रा करते हुए टी.नरसीपुर होते हुए आज बनूर पहुंचे द्य यहाँ पर पर्यावरण जागृति वेदिके के अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ.महेंद्र सिंह राजपुरोहित, राजेन्द्र सिंह राजपुरोहित,मनोज,उमेश,रमेश जैन,दिलिप कुमार पारीक,अशोक जैन,लादू भाई जैन,लक्ष्मण सीरवी, अशोक भाटी,सुनिल भाटी, हंसकुमार आदि श्रद्धालुगणो मुनि का स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

# सांसद श्रीमती संध्या राय दो दिवसीय प्रवास पर

***पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे***

***भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता की सुनेंगी समस्याएं***

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत भिंड और दतिया जिले के प्रवास पर रहकर पार्टी कार्यकर्ताओं आम जनता एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी द्य भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि श्रीमती संध्या राय अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे के जिला ग्वालियर के लोकल कार्यक्रमों में शामिल होंगी द्य सांसद श्रीमती राय इसी दिन 12ः00 बजे विधानसभा क्षेत्र गोहद आएंगी जहां आयोजित विकलांगों को निशुल्क उपकरण वितरण में शामिल होंगी द्य भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय अपने दो दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत इसी दिन 1 बजे जनपद गोहद कार्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगी, 4 बजे तहसील गोहद ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर के शादी समारोह में शामिल होंगे के लिए भिंड से रवाना मैं जाएंगी जहां वर वधू को



आशीर्वाद प्रदान करेंगी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में शामिल होंगी, 4ः30 बजे अपने निजी निवास चंबल कॉलोनी इटावा रोड भिंड आएंगे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी द्यभाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दूसरे दिन 5 दिसंबर को अपने निजी निवास चंबल कॉलोनी इटावा रोड भिंड से दोपहर 12ः00 बजे लोकसभा क्षेत्र दतिया जिले के विधानसभा क्षेत्र सेवढ़ा के लिए रवाना होगी 1ः00 बजे ग्राम पंचायत मंगरौली भीकमपुरा रोड का भूमि पूजन करेंगे 3ः00 बजे ग्राम पंचायत थ्रेट में पंचायत के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे 5ः30 बजे दतिया जिले के मां पीतांबरा माई के दर्शन करेंगे 6ः00 बजे ग्वालियर से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी ।

# चोरों के हौसले बुलंद दुकान के ताले चटकाए और किया नगदी सहित लाख 200000 का सामान पार



**पीटीवी न्यूज़ पिछोर से राकेश परिहार की रिपोर्ट ,**

**पिछोर**, खबर भोती थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पिपरा से आ रही है जहां पर बीती रात अज्ञात चोरों ने गल्ला व्यापारी आशीष गुप्ता पुत्र कालूराम गुप्ता निवासी पिपरा की किराने की दुकान के ताले चटकाए और दीवार भी तोड़ने का प्रयास किया पर दीवार ना तोड़ने में असफल होकर उन्होंने ताले तोड़ दिए आशीष गुप्ता का कहना है कि मैं शाम 7ः00 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था जब सुबह देखा तो दुकान के ताले टूटे हुए मिले और शटर खुली हुई मिली और दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ मिला प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीष गुप्ता का कहना है कि रुपए 70 हजार नगद और 90 की लगभग दुकान का सामान और दुकान में रखी सोने चांदी के आभूषण आदि चीजों के साथ लगभग रुपए दो लाख का माल चोर चुरा कर ले गए जिस पर घटना की सूचना पुलिस को दी और पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर विवेचना में ले लिया



# धान की खरी में लगी आग फसल जलकर राख

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

नगर मुख्यालय लांजी से 10 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत घोटी घुसमारा के अंतर्गत घुसमारा टोला में किसान भुमेश्वर कटरे के अधियाधार खुमेश बिसेन के खेत में रखी धान की एक खरई में दिनांक 2 दिसंबर की रात लगभग 11 बजे अज्ञाज कारणों से आग लगने से पूरी धान जलकर राख हो गई। मुहल्ले वालों ने मिलकर आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन आग की लपटे तेज थी, जिससे 95 डिसमिल जमीन की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की जानकारी दमकल वाहन को दी गई लेकिन दमकल की गाड़ी पंहुचने में नाकाम रही। किसान को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। किसान ने इसकी सूचना राजस्व विभाग को दी गई।

# अम्बाह महाविद्यालय में प्राचार्य संबोधन कार्यक्रम संपन्न...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** अम्बाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय की अनुशासन समिति के तत्वाधान में स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आज दिनांक 3 दिसंबर 2021 को प्राचार्य संबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने सरस्वती पूजन कर मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया तत्पश्चात विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों की क्रमशःजानकारियां दी गई। विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को प्रथम सत्र प्रातः 11ः00 बजे तथा कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कला एवं वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों को 1ः00 बजे का समय दिया गया ।कार्यक्रम के दोनों सत्रों में महाविद्यालय में छात्रवृत्ति संबंधित जानकारी श्री मुकेश श्रीवास एवं डॉ मनोज कुमार शर्मा द्वारा दी गई तत्पश्चात डॉ शशि बल्लभ शर्मा जी ने सांस्कृतिक गतिविधियां एवं पत्रिका प्रकाशन संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी श्री वीरेंद्र सिंह गुर्जर ने मध्य प्रदेश शासन और जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा जारी खेल कैलेंडर पर प्रकाश डाला उल्लेखनीय है कि कोविड-19 के कारण विगत 2 वर्षों से खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन नहीं हो पाया था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विषय संबंधित, इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट वर्क हेतु डॉक्टर कमल भारद्वाज जी ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों की जानकारी दी। महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर विश्वास मेडेकर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत होने वाली परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी विस्तार से विद्यार्थियों को दी गई परीक्षा नियंत्रक ने इस अवसर पर बताया कि इस सत्र से चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू हुआ है इसलिए विद्यार्थी अभी से ही इसी के अनुरूप अपनी तैयारी पूर्ण करें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के



प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर ने कहा कि अम्बाह महाविद्यालय का इतिहास गौरवमयी और गरिमामयी है।इसके एक स्तम्भ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय के गौरव को आगे बढ़ाया है और क्षेत्र का नाम रोशन किया है ।अनुशासन और नियमित पठन-पाठन हमारी पहचान है अतः कोविड नियमों का पालन करते हुए पूर्ण अनुशासन के साथ हम विद्यार्थियों को आगे बढ़ना होगा महाविद्यालय आपकी प्रतिभा को विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा और विद्यार्थियों से भी यह अपेक्षा की कि पूर्ण समर्पण भाव से महाविद्यालय के गौरव को आगे ले जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की अनुशासन समिति के चीफ प्रॉक्टर डॉ वीके जैन द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन अनुशासन समिति के वरिष्ठ सहयोगी डॉ मनोज कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्नातक विज्ञान संकाय की छात्रा सुप्रिया ने प्राचार्य जी को सभागार में स्वयं के हाथों से बनाया उनका फोटो प्रदान किया ।इस अवसर पर कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. दिनेश रावत ,डॉ. राजकुमार तोमर ,डॉ. मंजू तोमर,डॉ. रक्षा कम्ठान तथा समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

# भोपाल ग्रैस त्रासदीःपीड़ितों को 37 साल बाद भी न्याय का इंतजार

भोपाल गैस त्रासदी मध्य प्रदेश की राजधानी में 3 दिसंबर 1984 की आधी रात को हुई थी।हजारों लोगों ने यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन के प्लांट से निकली जहरीली हवा की वजह से दम तोड़ दिया था।जब भी औद्योगिक हादसों की बात आती है तो चर्नोबिल और भोपाल गैस त्रासदी से ही शुरुआत होती है।37 साल पहले 3 दिसंबर 1984 को भारत में भीषणतम औद्योगिक त्रासदी हुई थी।जब 5 लाख से अधिक लोग मिथाइल आइसोसाइनेट गैस के संपर्क में आए थे।इसके साथ-साथ कार्बन मोनोऑक्साइड,हाइड्रोजन साइनाइड जैसे अन्य जहरीले पदार्थ भी थे।जिसने यूनियन कार्बाइड के प्लांट के पास भीषण तबाही मचाई थी।2-3 दिसंबर की दरम्यानी आधी रात को अमेरिकी कंपनी यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन की भारतीय सहायक कंपनी के कीटनाशक बनाने वाले प्लांट से 40 टन मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था।यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के प्लांट नंबर सी से यह रिसाव हुआ था।दरअसल,42 टन मिथाइल आइसोसाइनेट के टैंक नंबर 610 में



पानी आ गया था,जिससे लीक हुआ था।इसका नतीजा यह हुआ कि अत्यंत जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस हवा में घुल गई।जहरीली गैसों का गुबार उठा और उसने पूरे इलाके को अपने घेरे में ले लिया।कई लोग तो नींद में ही चल बसे।मध्य प्रदेश सरकार के अनुमान के मुताबिक 3,787 लोगों की मौत हुई थी।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मरने वालों की संख्या 16 से 30 हजार है।वहीं,इससे प्रभावितों की संख्या 5 लाख से अधिक है।

मौतें तो हुई ही, भोपाल की बड़ी आबादी ने खांसी,आंखों और त्वचा में जलन और सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत की।हजारों लोग अंधे हो गए।कई लोगों को छाले पड़ गए।1984 में भोपाल में ज्यादा अस्पताल भी नहीं थे।सरकार के दो अस्पताल थे,जिसमें शहर की आधी आबादी का इलाज नहीं हो सकता था।इतनी बड़ी संख्या में लोग अचानक अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर भी कारण नहीं समझ सके थे।गैस के संपर्क में आए हजारों लोगों ने शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों को जन्म दिया। प्रभावित इलाके में जन्मे बच्चों के हाथ-पैर में विकार दिखाई दिए।कई बच्चों में तो एक से अधिक अंग भी थे।शिशुओं की मौत बढ़कर 300 प्रतिशत हो गई थी।कुछ लोग तो आज भी इस गैस के संपर्क में आने की वजह से विकारों से जूझ रहे हैं।

भारत सरकार की यूनियन कार्बाइड के साथ ही अमेरिका के बीच लंबी कानूनी कार्यवाही हुई।सरकार ने मार्च 1985 में भोपाल गैस लीक एक्ट बनाया।इसने पीड़ितों के कानूनी प्रतिनिधि का काम किया।शुरुआत में अमेरिकी कंपनी 5 मिलियन डॉलर की राहत राशि देना चाहती थी।इसे अस्वीकार करते हुए भारत ने 3.3 बिलियन डॉलर की मांग की थी। 1989 में सेटलमेंट हुआ और यूनियन कार्बाइड ने 470 मिलियन डॉलर देने पर सहमति जताई।तो वहीं जून 2010 में यूनियन कार्बाइड के सात पूर्व कर्मचारियों को लापरवाही की वजह से मौत का दोषी पाया गया। उन्हें दो-दो साल की सजा सुनाई गई। सभी जमानत पर छूट भी गए।

गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठनों का कहना है कि अब भी कई लोगों को वाजिब मुआवजा नहीं मिला है।इस वजह से वे कहते हैं कि न्याय अब भी नहीं हुआ है।आखिर सवाल यह उठता है कि इन्हें इंसाफ कब मिलेगा।

दुनिया की सबसे बड़ी ओद्यौगिक गैस त्रासदी के 37 साल

# 23 हजार लोगों के लिए मौत लेकर आई वो जहरीली गैस

**2 दिसंबर, 1984 एक आम दिन की तरह था। पूरे दिन लोग अपने अपने रोजमर्रा के कामों में लगे रहे, किसी ने सोचा भी न होगा इस आम दिन के बाद की रात हजारों की जान लेने लेगी। 02-03 दिसंबर की रात 12.05 बजे भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने से हवा में एक ऐसी जहरीली गैस घुलनी शुरू की, जो सोते हुए भोपाल के लिए मौत का मंजर लेकर आई. इससे हजारों लोग मर गए जबकि इसका असर अब भी वहां के लोगों पर देखा जा सकता है।**

**फैक्ट्री का प्रोडक्शन कई दिनों से तकनीकी वजहों से ठप था. लेकिन फैक्ट्री के 610 टैंक में भरी जहरीली मिथाईल आइसोसायनाइड गैस अचानक लीक होने लगी। उस रात भोपाल की पूरी आबादी ने सायनाइड जहर में सांस लिया।**

**3 दिसंबर की सुबह सूरज चढ़ता गया. चढ़ते सूरज के साथ भोपाल के आसमान में चीलें और गिद्ध मंडराने लगे. इनका मंडराना ही गवाही दे रहा था कि भोपाल की सड़कों पर कितनी लाशें बिछी हैं. इन लाशों में लोग तो थे ही, बड़ी तादाद में बेजुबान जानवर और मवेशी भी थे. इंसान ही इंसानी लाशों को जानवरों की तरह उठा रहे थे. गाड़ियों में भर रहे थे।**

## 5.21 लाख लोग इससे प्रभावित हुए 23 हजार से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवाई

**भोपाल।** 1984 में 2-3 दिसंबर की वो दरमियानी रात थी। अंधेरे में शहर भोपाल के साथ-साथ यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री भी सोई पड़ी थी. तकनीकी वजहों से पिछले कई दिनों से फैक्ट्री में प्रोडक्शन ठप था लेकिन फैक्ट्री के 610 टैंक में भरी जहरीली मिथाईल आइसोसायनाइड गैस सांस ले रही थी। रात को यूनियन कार्बाइड के प्लांट नंबर 'सी' में टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाईल आइसोसायनाइड गैस के साथ पानी मिलना शुरू हुआ. गैस के साथ पानी मिलने से रासायनिक प्रक्रिया शुरू हो गई. तीन दिसंबर की अल सुबह तक टैंक में दबाव पैदा हुआ और टैंक खुल गया. टैंक खुलते ही जहरीली मिथाइल गैस रिसते हुए हवा में घुलना शुरू हो गई। सूरज उगने से पहले ही महज कुछ घंटों के अंदर गैस हवा के झोंके के साथ आसपास के इलाके में फैलना शुरू हो गई और रात को सुकून की नींद सोए लोग मौत की नींद सोते चले गए। लोगों को मौत की नींद सुलाने में विषैली गैस को औसतन तीन मिनट लगे। सुबह होने तक जहरीली गैस अपना दायरा बढ़ाती गई और देखते ही देखते हजारों लोग मौत की भेंट चढ़ गए. सबसे बुरी तरह प्रभावित हुई कारखाने के पास वाली झुग्गी बस्ती।

### घंटे भर के भीतर पुराने भोपाल में मौत सड़कों पर नाच रही थी

सर्द हवा पर सवार जहरीली मिथाईल आइसोसायनाइड गैस शहर के भीतर घुस चुकी थी. इस गैस का असर नींद में दुबके हुए लोगों पर हुआ. उनका दम घुटने लगा. बेचैनी सी महसूस हुई और आंख खोलते ही मिर्ची का धुआं सा लगा, नींद उचटने के बाद जो बाहर निकले वो सीधे गैस की चपेट में थे। हर सेकंड के साथ एक नया आदमी गैस का शिकार हो रहा था और घंटे भर के भीतर पुराने भोपाल शहर में मौत सड़कों पर नाच रही थी. बदहवास लोग इस जहर के असर से बचने के लिए जितना भाग रहे थे, मौत उन्हें चुन-चुन कर मार रही थी. किसी को पता नहीं था कि हुआ क्या है. किसी को ये भी पता नहीं था कि मौत सिर्फ अकेले उसी का पीछा कर रही है या और भी लोग इसके शिकार हैं।

### रात में मरीज अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टर लाचार थे, इलाज क्या करें

जहर का पता नहीं था, इलाज कैसे होता. रात के तकरीबन डेढ़ बजे शहर ने भोपाल के मशहूर हमीदिया अस्पताल की इमरजेंसी पर दस्तक दी। घबराए लोगों के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। जब तक एक-दो लोग आए इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टरों की समझ में कुछ नहीं आया। हमीदिया अस्पताल में बीमारों की तादाद बढ़ती जा रही थी. हालात का मुकाबला करने के लिए डॉक्टरों को इमरजेंसी कॉल भेजी गई। अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों को भी जगा कर ड्यूटी पर लगाया गया, लेकिन डॉक्टरों का सारा अमला लाचार था, उन्हें ये तो पता लग रहा था कि लाशों पर जहरीले केमिकल का असर है. बीमारों के लक्षण भी उन्हें जहर का शिकार बता रहे थे. मगर ये जहर है क्या ये जाने बगैर इलाज मुश्किल था. तब अचानक और पहली बार एक सीनियर फोरेंसिक एक्सपर्ट की जुबान पर आया मिथाइल आईसोसायनाइड का नाम।



### 40 टन मिथाईल आइसोसायनाइड गैस लीक हुई

भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री से निकली जहरीली गैस ने सब कुछ तबाह कर दिया था. उस दिन 40 टन मिथाईल आइसोसायनाइड गैस प्लांट से लीक हुई. करीब 5.21 लाख लोग इससे प्रभावित हुए। उन 3 दिनों में भोपाल और उसके आसपास के इलाके ने तबाही का मंजर देखा। 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत शुरुआती दिनों के अंदर हुई। पूरे गैस कांड में करीब 23 हजार से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवाई। ये आंकड़ा इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने जारी किया।

### 25 हजार से ज्यादा लोग शारीरिक तौर पर असक्षम हो गए

25 हजार से ज्यादा लोग इस गैस कांड के चलते पूरी तरह से शारीरिक तौर पर असक्षम हो गए। इस पूरे कांड के आरोपी वॉरेन एंडरसन को लेकर आजतक राजनीति होती है। उसका नाटकीय ढंग से भोपाल से जाना, आज भी एक रहस्य से कम नहीं। इंसानों के अलावा 2000 से ज्यादा जानवर भी इस गैस त्रासदी का शिकार बने। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक, त्रासदी में 3828 लोगों की मौत और 18,922 लोग जीवन भर के लिए बीमार और 7172 लोग निशक्त हो गए थे।

### फैक्ट्री के सुपरवाइजर्स को रात 11 बजे ही अहसास हो गया था

1984 के 2-3 दिसंबर की दरमियानी रात को ही मौके पर तैनात फैक्ट्री के सुपरवाइजर्स को रात 11 बजे ही इस टैंक में मची खलबली का अहसास होने लगा था. लेकिन ये खलबली आगे कितनी खतरनाक होने जा रही थी किसी को इसका अहसास नहीं था. टैंक का बढ़ता तापमान सबकी पेशानी पर लकीरें खींच रहा था। हालात पर काबू पाने की मशक्कत जारी थी लेकिन जल्द ही कर्मचारियों को अहसास हो गया कि अब हालात उनके हाथ से निकल चुके हैं। घबराए टेक्नीशियंस ने आखिरी कोशिश की और इस टैंक से जुड़ने वाली तमाम पाइप लाइंस काट दीं. अंदाजा था कि शायद इसी तरह टैंक में हो रही रिएक्शन थम जाए. लिक्विड का गैस बनना रुक जाए लेकिन ऐसा नहीं हुआ और धमाके के साथ टैंक का सेफ्टी वाल्व उड़ गया।

### कलेक्टर, एसपी के खिलाफ दर्ज हुआ केस

गैस त्रासदी के दौरान मोती सिंह कलेक्टर और स्वराज पुरी एसपी थे। यूनियन कार्बाइड से रिसी गैस के कारण हज़ारों लोगों की मौत हो गयी थी। हादसे के बाद यूनियन कार्बाइड के तत्कालीन चीफ वॉरेन एंडरसन भोपाल आए थ, मौके का मुआयना कर वो आनन-फानन में यहां से रवाना भी हो गया था। एंडरसन को भगाने में मदद करने का आरोप इन दोनों तत्कालीन अफसरों कलेक्टर मोती सिंह और एसपी स्वराज पुरी पर भी लगा था। इन दोनों अफसरों के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज हुआ। मोती सिंह और स्वराज पुरी के खिलाफ भोपाल जिला अदालत में कंप्लेंट केस दर्ज हुआ था। उनके खिलाफ धारा 212, 217 और 221 के तहत परिवाद दर्ज हुआ था। भोपाल जिला अदालत की कार्यवाही को जबलपुर हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। याचिका में दलील दी गयी थी कि इस मामले में 26 साल बाद संज्ञान लिया गया। जबकि कानून के मुताबिक घटना के तीन साल के भीतर कार्यवाही की जाना चाहिए थी। ये भी कहा गया कि शिकायत निराधार और सिर्फ मैगजीन, मीडिया और किताबों में छपी कहानी के आधार पर की गयी थी। त्रासदी के दौरान तत्कालीन कलेक्टर रहे मोती सिंह और एस पी स्वराज पुरी को जबलपुर हाईकोर्ट ने अब राहत दी है । हाईकोर्ट ने दोनों के खिलाफ भोपाल जिला अदालत में चल रहे आपराधिक मामले बंद करने का आदेश दिया है।





## मुख्य आरोपी एंडरसन को क्यों बचाया गया ये अब भी बड़ा सवाल

**भोपाल।** गैस कांड के मुख्य आरोपी वारेन एंडरसन की मौत 07 साल पहले ही हो चुकी है. आज भी ये अबूझ सवाल है कि इस भयावह हादसे के मुख्य आरोपी वारेन एंडरसन को भारत सरकार ने क्यों बचकर जाने दिया. क्यों उसे गिरफ्तार नहीं किया गया. बाद में अदालत में भी उस पर ढंग से मुकदमा नहीं चल सका. घटना के समय प्लांट में मौजूद शकील कुरैशी को तो आज तक पकड़ा तक नहीं जा सका।2 और 3 दिसंबर 1984 की आधी रात पुराने भोपाल के सघन इलाके छोला में यूनियन कार्बाइड के कारखाने से मिक गैस का रिसाव हुआ था. 3 दिसंबर की सुबह पुराने भोपाल और नए भोपाल की सड़कों पर जगह-जगह लाशें पड़ी थीं. पूरी दुनिया को इस रासायनिक त्रासदी ने हिला कर रखा दिया। तब यूनियन कार्बाइड के चेयरमैन वारेन एंडरसन थे. वे त्रासदी के बाद भोपाल आए लेकिन उन्हें सुरक्षित भोपाल से बाहर जाने दिया गया। बताया जाता है कि पुलिस और प्रशासन के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने वारेन एंडरसन को विशेष विमान तक सरकारी वाहन से खुद छोड़ा. इस पूरे मामले की जांच राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने सीबीआई से कराई थी। घटना की तीन साल तक जांच करने के बाद सीबीआई ने वारेन एंडरसन सहित यूनियन कार्बाइड के 11 अधिकारियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी. वारेन एंडरसन को कभी भारत नहीं लाया जा सका. उसकी अनुपस्थिति में ही पूरा केस चला. जून 2010 में इस मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया. फैसले में कार्बाइड के अधिकारियों को जेल और जुर्माने की सजा सुनाई. अधिकारियों ने जुर्माना भरा और सेशन कोर्ट में अपील दायर कर दी।



### क्यों पकड़ा नहीं जा सका कुरैशी

इस पूरी घटना का अहम किरदार शकील अहमद कुरेशी था. जो उस समय प्लांट पर ड्यूटी पर था. शकील अहमद को भी कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई थी. शकील अहमद कौन है और कैसा दिखता है, यह आज भी रहस्य है। शकील अहमद को 37 साल बाद भी सीबीआई तलाश नहीं कर पाई है. उसकी फोटो भी सीबीआई के पास नहीं है. एक तरह से देखा जाए तो विश्व की इस भीषण गैस त्रासदी के गुनाहगारों के जेल जाने की संभावनाएं लगभग समाप्त हो चुकी हैं। वारेन एंडरसन की मौत कई साल पहले अमेरिका में हो चुकी है. निचली अदालत ने जिन्हें सजा सुनाई, उन्होंने अपील कर अपने आपको जेल जाने से बचा लिया है।

### तत्कालीन डीएम ने किताब में लिखा वाकया

भोपाल गैस कांड के समय कलेक्टर रहे मोती सिंह ने अपनी किताब फ्रभोपाल गैस त्रासदी का सचफ्र में उस सच को भी उजागर किया, जिसके चलते वारेन एंडरसन को भोपाल से जमानत देकर भगाया गया. मोती सिंह ने अपनी किताब में पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए लिखा, वारेन एंडरसन को अर्जुन सिंह के आदेश पर छोड़ा गया था. वारेन एंडरसन के खिलाफ पहली FIR गैर जमानती धाराओं में दर्ज की गई थी. इसके बाद भी उन्हें जमानत देकर छोड़ा गया. शकील अहमद कुरेशी के बारे में कोई नहीं जानता. कुरेशी एमआईसी प्रोडक्शन यूनिट में ऑपरेटर था. कुरेशी के सामने न आनेसे पूरी घटना का खुलासा नहीं हो सका है। घटना के जिम्मेदार कार्बाइड के अधिकारी ज्यादा से ज्यादा 14 दिन ही जेल में रहे हैं. घटना से प्रभावित हजारों लोग आज भी तिलतिल कर मर रहे हैं।

### अमेरिका तक लड़ी गई लड़ाई

भोपाल में 3 दिसंबर को गैस कांड की बसरी मनाई जाती है. सेंट्रल लाइब्रेरी में सर्वधर्म सभा होती है. भोपाल के सभी सरकारी कार्यालय भी बंद रहते हैं. 35 साल से यह परंपरा चल रही है. इन 35 सालों में कई गैर सरकारी संगठनों ने मुआवजे की लड़ाई अमेरिका तक में जाकर लड़ी। एंडरसन को भारत लाए जाने की मांग को लेकर भी अदालती कार्यवाही हुई. लेकिन, कोई भी सरकार एंडरसन को भारत नहीं ला सकी। सरकारी आकंड़ों के अनुसार इस घटना में पंद्रह हजार से अधिक लोग मारे गए थे. गैर सरकारी आंकड़े इससे काफी अधिक बताया जाता है. इतनी बड़ी संख्या में हुईं मौतों के जिम्मेदार लोगों को कानून कोई बड़ी सजा नहीं दे पाया. इसकी मुख्य वजह मामूली धाराओं में केस दर्ज करना भी रहा।

## खेरवा में स्वस्थ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत के केस केड मॉडल आधारित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया



**पुष्पांजलि टुडे/पाली**

**पाली।** निकटवर्ती खेरवा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्वस्थ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ओडीएफ प्लस पर तीन दिवसीय कलस्टर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया । प्रशिक्षण शिविर के दौरान पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत वडेर वास लांबिया सांपा। भांगेसर सोड़ावास बाणियाबास बोमाडडा पंचायत सरपंच ग्राम विकास अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों एवम् पंचायत कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। दक्ष प्रशिक्षक व राज्य संदर्भ व्यक्ति पारसमल जी नगर वह जिला संदर्भ व्यक्ति दुर्गाराम देवासी व खेरुतिया ने स्थानीय सरपंच ग्राम विकास अधिकारी सहित विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच ग्राम विकास अधिकारी पंचायत कार्मिकों को स्वस्थ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शिविर के दौरान विस्तार से जानकारी दी। जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता चौहान के आदेश के अनुसार के केस केड मॉडल आधारित तृतीय एवं चतुर्थ प्रशिक्षण का आयोजन पाली ब्लॉक के गुंदोज मनिहारी एवं खेरवा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। ।इस प्रशिक्षण में ठोस एवं कचरा प्रबंधन हेतु सोख्ता गड्ढा मैजिक पीट-लीच एवं वर्मी कंपोस्ट ढांचे के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

## संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ वायरल खबर खेरागढ़ में तम्बाकू कारोबारी के यहां सेल टैक्स ने देर छापा मारा ,उसके बाद सेलटैक्स के अधिकारियों व्यापारी ने दी दावत, वाकया केमरे मेंकैद के बाद अधिकारियों के उड़े होश

**आगरा।** खेरागढ़ में तम्बाकू कारोबारी के यहां सेल टैक्स ने देर रात छापा मारा। कई घंटे तक जांच चली। सूत्रों से मिली जानकरी के मुताबिक कार्यवाही से बचने के लिए सौदेबाजी और सांठगांठ की भी कोशिश की गई। हैरानी की बात है कि जब रिपोर्टर ने इस मामले को कवरेज करने की कोशिश की तो सेल टैक्स अधिकारी ही रिपोर्टर से बदतमीजी करते नज़र आये।

बताते चलें कि खेरागढ़ में पुरानी तहसील रोड़ स्थित नामी व्यापारी के के पंसारी है। बताया जा रहा है कि व्यापारी के पास गुटखा, तम्बाकू व सिगरेट के एजेंसिया हैं। आरोप है कि लॉकडाउन में व्यापारी ने लाखों का ये माल करोड़ो में बेचकर जमकर चांदी काटी और करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी की है। इस व्यापारी की एजेंसी से कुछ माल राजस्थान की तरफ ही जा रहा था जिसे चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। वह माल से संबंधित कागजात नहीं दिखा सका। उसी मामले की तफ्तीश करते हुए सेल टैक्स अधिकारी यहां पहुंचे हैं। गुटखा व्यापारी के यहां डीसी विनोद कुमार तिवारी के नेतृत्व में सेल टैक्स विभाग ने ये छापेमारी की है। रात भर पूरी टीम करोड़ों की टैक्स चोरी की जांच करती रही। वहीँ इस मामले की कवरेज के दौरान सेल टैक्स टीम द्वारा रिपोर्टर से हॉट टॉक की गई। इतना ही नहीं गार्ड द्वारा कैमरे से वीडियो डिलीट करवाने की कोशिश की गयी। वहीं कैमरे में कैद हुए सेल टेक्स अधिकारी व्यापारी के यहां खाना खाते हुए और कैमरे से छिपते नज़र आये। रात 12 बजे तक चली कार्यवाही के दौरान सेल टैक्स अधिकारी और व्यापारी के बीच सांठगांठ की भी जानकारी सामने आई। इस बारे में जब सेल टैक्स अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी बोलने से मना कर दिया और टालमटोल करते नजर आए।



के के पंसारी कई संगठनों से जुड़े हुए हैं और सामाजिक संगठनों की आड़ में कई काले कारनामें चला कर कमाई का जरिया बना रखे हैं। जब कोई कार्यवाही की बात आती हैं तो संगठनों की आड़ लेकर बच जाते हैं।

## क्षत्रिय स्वर्णकार सेवा समिति कार्यालय करहल पर पुष्पांजलि टुडे के प्रधान संपादक भरत चौहान को शाल उढ़ाकर सम्मानित करते मैनपुरी जिला



**संवाददाता रामकिशोर वर्मा**

**(मैनपुरी)यूपी**

प्रचार प्रसार के उद्देश्य से जनपद मैनपुरी पहुंची पुष्पांजलि टुडे टीम के सदस्यों ने जनपद में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से जनसमपर्क किया है इस दौरान कस्बा करहल मे क्षत्रिय स्वर्णकार सेवा समिति के पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि टीम का शाल व फ़ूल मालाओं के साथ स्वागत कर एक अनुकरणीय मिशाल पेश की है पुष्पांजलि टुडे के प्रधान संपादक भरत चौहान सुरजीत राजावत विपिन तोमर आज यूपी के जनपद मैनपुरी पहुंचे हैं जहां उन्होंने शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक पुष्पांजलि टुडे को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लोगों के बीच जनसंपर्क किया है इस दौरान क्षत्रिय स्वर्णकार सेवा समिति (रजि0)करहल कार्यालय पर पहुंचे पुष्पांजलि टीम के सदस्यों का स्वागत सत्कार किया गया समिति के पदाधिकारियों ने सभी को फूल मालाएं व शाल उढ़ाकर सम्मानित किया पुष्पांजलि टुडे के प्रधान संपादक भरत चौहान ने कहा कि आज के युग में पत्रकारिता एक जोखिम भरा कार्य है पुष्पांजलि टुडे ने इन चुनौतियों को स्वीकार कर समाज को एक नई दिशा प्रदान करने में जुटी है

# पवित्र गीता हमारे लिए जीवन जीने का दर्शन है और राष्ट्र के लिए जीने का नाम पवित्र ग्रंथ भारतीरा संविधानः पवैरा





## कांग्रेस संविधान गौरव दिवस नही मना सकी, यह कार्य मोदी सरकार ने कियाः माखीजानी

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी 26 नवंबर यानी संविधान दिवस से लेकर 6 दिसंबर तक देशभर में श्शसंविधान गौरव अभियान चल रही है और इस दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्वालियर महानगर में एक संगोष्ठी संविधान की प्रति का पूजन एवं सरस्वती वंदना कर आयोजित की गई।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के सह प्रभारी एवं पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया ने कहा कि पवित्र गीता हमारे लिए जीवन जीने का दर्शन है और राष्ट्र के लिए जीने का नाम पवित्र ग्रंथ भारतीय संविधान। जिस दिन हम भारतीय संविधान को गीता की तरह पवित्र मानने लगेंगे उस दिन देश की 90 प्रतिशत समस्याओं का अंत हो जाएगा। आतंकवाद समाप्त हो जाएगा और दिलों में पड़ी दरारों की दीवार टूट जाएंगी। उन्होंने कहा कि कानून से व्यवस्था बनाई जा सकती है, लेकिन दिलों को नहीं जीता जा सकता है और न ही जोडा जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान दिवस नहीं मनाने का पाप किया है, कांग्रेस जानती थी यदि संविधान दिवस मनाया जाएगा तो बाबा साहेब का कद हिमालय से भी उंचा हो जाएगा। बाबा साहेब के साथ कांग्रेस ने न तो जीते जी न्याय किया और उनके जाने के बाद भी न्याय नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन में आया कि देश में संविधान के प्रति एक अटूट निष्ठा का कोई अनुष्ठान होना चाहिए इसलिए मोदी जी ने घोषणा कि हम संविधान गौरव दिवस मनाएंगे।

संगोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि भारत अनेक भाषाओं और विभिन्न संस्तियों का देश है विभिन्न धर्मों का देश है इसीलिए इन सभी विविधताओं को एक माला में पिरोता है तो वह है हमारा संविधान। इस संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार दिए हैं।

उन्होंने कहा कि गौरव दिवस श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से मनाया जा रहा है जो पिछली सरकारें कांग्रेस की रही उन्होंने कभी यह कार्य नहीं किया। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र जिसके प्रति प्रत्येक भारतीय का सम्मान होना चाहिए इसीलिए भारतीय जनता पार्टी 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक संविधान गौरव दिवस मना रही है। इस अवसर पर मंचासीन विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सदस्य अनुसूचित जाति मोर्चा हरीश मेवाफरोश, पूर्व विधायक घनश्याम, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य अशोक बाल्मिकी, पूर्व सभापति राकेश माहौर, मंडल अध्यक्ष विकास गिरि ,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीलिमा शिंदे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुलायम यादव सहित अनेक पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

संगोष्ठी का संचालन धर्मेंद्र आर्य ने एवं आभार आदित्य रत्नाकर ने किया।

# सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री माहेश्वरी का अभिनंदन समारोह 4 दिसम्बर को

### उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ के तत्वावधान में होगा आयोजन

### सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री खनविलकर मुख्य अतिथि और राज्य के मुख्य न्यायाधीश श्री मलीमथ विशिष्ट अतिथि होंगे

ग्वालियर। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी का 4 दिसम्बर को उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ द्वारा समारोहपूर्वक अभिनंदन किया जायेगा। अभिनंदन समारोह इस दिन अपरान्ह 4 बजे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री ए. एन. खानविलकर के मुख्य आतिथ्य में जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री आर. व्ही. मलीमथ बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। इस आयोजन में न्यायमूर्ति श्री शील नागू व श्री रोहित आर्या, महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह एवं स्टेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विजय चौधरी अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अभिनंदन समारोह में उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर सहित जबलपुर व इंदौर के न्यायमूर्तिगण एवं सेवानिवृत न्यायमूर्तिगण भाग लेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त महाधिवक्ता एवं उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ ग्वालियर के अध्यक्ष श्री एम पी एस रघुवंशी तथा सचिव श्री दिलीप अवस्थी ने अभिभाषक संघ के कार्यालय में आयोजित हुए एक कार्यक्रम में दी। श्री रघुवंशी ने बताया कि 50 वर्ष से अधिक समय से वकालत कर रहे अधिवक्ताओं एवं विधि के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले अधिवक्ताओं का सम्मान भी इस आयोजन में किया जायेगा। कार्यक्रम में इंदौर व जबलपुर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष व सचिव तथा क्षेत्राधिकार के सभी जिलों के अध्यक्ष व सचिवों के अलावा वरिष्ठ अधिवक्तागण मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री विष्णु शिवहरे, उपाध्यक्ष श्री मनोज दिबौलिया, वरिष्ठ सचिव श्री आशीष सिंह भदौरिया, सह सचिव सुश्री मृदुला जुत्शी, कोषाध्यक्ष श्री पल्लव त्रिपाठी, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी श्री सुनील पाठक तथा सर्वश्री एम एस दुबे, अनूप शिवहरे, ओमेन्द्र सिंह कुशवाह, अमित त्रिपाठी, श्री जितेन्द्र शर्मा व सुश्री सविता श्रीवास्तव मौजूद थे।

# निगम अमले ने बस स्टेंड से हटाया अस्थाई अतिक्रमण

ग्वालियर। नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। मदाखलत अधिकारी पूर्व विधानसभा श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बस स्टेंड के सामने स्थित व अन्य स्थानों से फुटपाथी दुकानो एव हाथ ठेलो सहित द्वारा अस्थाई अतिक्रमण, अवैध गुमटी, हाथ ठेला एवं अवैध कटआउट, बैनर हटवाकर एवं गंदगी फैलाने पर कार्यवाही की गई। साथ ही दुकानों के बाहर रखे सामान को जप्त किया गया। इसके साथ ही सफाई मित्रों द्वारा उक्त क्षेत्र में सफाई कार्य कराया गया।



सूचना क्रमांक-/963/

# निगम अमले ने बड़ी कार्यवाही करते हुए विभिन्न स्थानों से 70 हजार से अधिक का वसूला जुर्माना

ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के आदेशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए। शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही शहर में दुकानदारों व आमजन से अपील की जा रही है। कि वह अपने पास डस्टबिन अवशय रखें जिससे गंदगी न फैल पाये तथा सूखा व गीला कचरा वाहन में अलग-अलग डालें।





अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें वार्ड मॉनिटर्स, स्वास्थ्य विभाग व मदाखलत विभाग की सम्मिलित कार्यवाही के दौरान गंदगी फैलाने वाले, दो डस्टबिन ना रखने, बायोमेडिकल वेस्ट को खुले में फैंकने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई।

जिसमें दाल बाजार, राजीव प्लाजा, संजय कॉम्प्लेक्स की दुकानों द्वारा गंदगी व दो डस्टबिन न रखने पर 25000 रूपये, भिंड रोड पर अवैध रूप से खडे किये गए पुराने वाहन पर 10500 रूपये, मुरार वार्ड 26 व 27 में 11000 रूपये जिसमे से खुले में बायोमेडिकल वेस्ट फेंकने पर पारसनाथ डायग्नोस्टिक सेंटर पर 2000 रुपये का चालान भी किया गया, वार्ड 12 हजीरा क्षेत्र 6150 रूपये, पड़ाव पर 3200 रूपये, मां वैष्णो पुरम एबी रोड 2500 रूपये, वार्ड 60 न्यू शकुंतलापुरी एवं मेहरा कॉलोनी 2000 रूपये, अजयपुर 2000 रूपये, ईदगाह कंपू वार्ड 54- 2000 रुपये, वार्ड 47 में 4750 रूपये, वार्ड 51 में 1000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही हिदायत दी की सभी दुकानदार दो डस्टबिन आवशयक रूप से रखें तथा गंदगी रोड पर न डालें । इसके साथ ही अन्य वार्डों में भी जुर्माने की कार्यवाही

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेहरा सिरोल पर 10 आवास बुक हुये

ग्वालियर दिनांक 03 दिसम्बर 2021 -प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेहरा सिरोल पर निर्माणधीन आवासों की बुकिंग की जा रही है। जिसके तहत नगर निगम द्वारा कैंप का आयोजित कर 10 हितग्राहियों के आवास बुक किये। प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री अरविंन्द चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर नगर निगम ग्वालियर द्वारा नगर निगम सीमा अंतर्गत निवासरत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एएचपी घटक अंतर्गत ईडब्ल्यूएस आवास शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से ईडब्ल्यूएस आवास के हितग्राहियों की सुविधा के लिए मेहरा सिरोल पर निर्माणधीन इकाई एम-1, एम-2 (3बीएचके), एल-5, एल-6 (2 बीएचके) की 10 बुक किये।







# ग्वालियर एवं चंबल संभागों के सभी गाँवों को विवाद रहित बनाया जाए

### गूगल मीट के माध्यम से जिला पंचायतों के सीईओ को कमिश्नर श्री सक्सेना ने दिए निर्देश

ग्वालियर। संभागीय कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने कहा है कि ग्वालियर एवं चंबल संभागों के सभी गाँवों को विवाद रहित बनाना है। इसी उद्देश्य को लेकर 2 ङ्क 3 पटवारी हल्कों को मिलाकर एक बीट समाधान केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रति मंगलवार को बीट समाधान केन्द्रों में किसी भी विवाद से संबंधित दोनों पक्षों को बुलाकर उन्हें समझाइश दी जाए तथा समस्या समाधान किया जाए। कमिश्नर श्री सक्सेना ने शुक्रवार को गूगल मीट के माध्यम से दोनों संभागों के जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ये निर्देश दिए।

संभागीय कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंगलवार को संबंधित बीट के अधिकारी अपनी-अपनी बीट में पहुँचें और छोटे-छोटे विवादों का निराकरण करें। इसके अलावा अधिकारी शासकीय योजनाओं के लाभान्वितों का घर-घर जाकर सर्वे करें। यदि किसी योजना का लाभ किसी व्यक्ति को नहीं मिला है और वह पात्र है तो उसे योजना का लाभ भी दिलायें। उन्होंने निर्देश दिए कि बीट स्तर पर ही सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का भी निराकरण कराया जाए। इसकी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समीक्षा करें एवं बीट समाधान केन्द्रों का सही उपयोग किया जाए। कमिश्नर श्री सक्सेना ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो सामुदायिक स्वच्छता परिसर पूरे नहीं हुए हैं उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। जो परिसर पूर्ण हो गए हैं, उनका उपयोग किया जाए। अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि लोग अन्य उपयोग में परिसर को नहीं लें। उन्होंने निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वच्छता परिसर में ताले नहीं लगें, भूसा नहीं भरा जाए तथा लोग पशुओं को नहीं बांधें। इसके अलावा पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर श्री सक्सेना ने निर्देश दिए कि साइड का चयन सही तरीके से किया जाए, ताकि स्वच्छता परिसर का उपयोग हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में कचरा संग्रहण की उचित व्यवस्था करें। इसके लिये हाथ की कचरा गा?ी का उपयोग किया जाए। सभी दुकानों के पास डस्टबिन रखवाए जाएं और कचरा उसी में डालने की हिदायत दी जाए। कचरा स?क या रास्ते पर नहीं होना चाहिए। कचरा संग्रहण की व्यवस्था 31 दिसम्बर तक पूर्ण करने के भी निर्देश उन्होंने दिए।

कमिश्नर ने निर्देशित किया कि सोखता गढ्ढे तभी बनाए जाएँ जब वे सफल हों। उन्होंने जल निकासी की बेहतर व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने कहा कि गाँव के पास गार्डन का निर्माण किया जाए और उस गार्डन में पौधे लगाए जाएं। घरों में उपयोग होने वाले पानी को नाली बनाकर गार्डन में पौधों की सिंचाई के काम में लिया जाए। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस संबंध में एक-एक स्कीम बनाकर देने के निर्देश भी दिए। कमिश्नर श्री सक्सेना ने व्यक्तिगत शौचालयों के संबंध में निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शौचालयों का सभी लोग उपयोग करें। पंचायत सचिव शौचालय एवं सोखता गड्ढे का सत्यापन करके इस आशय की रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ भेजें।

## संक्षिप्त समाचार

### स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक 4 दिसम्बर को

ग्वालियर। ग्वालियर स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक 4 दिसम्बर को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर की मौजूदगी में मोतीमहल स्थित मानसभागार में आयोजित होगी। स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक में बायोडायवर्सिटी पार्क, स्वर्ण रेखा नदी के विकास कार्य व सौंदर्यीकरण, अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल, ग्वालियर शहर के प्रवेश द्वार एवं स्मार्ट स्कूल शिक्षा नगर सहित ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य और प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

### नागरिकों की भागीदारी स्वच्छता के लिये जरूरी' जागरूकता कार्यक्रम 5 दिसम्बर को

ग्वालियर। 'नागरिकों की भागीदारी स्वच्छता के लिये जरूरी' जागरूकता कार्यक्रम 5 दिसम्बर 2021 को जीवाजी यूनिवर्सिटी के अटल सभागार में दोपहर 03 बजे आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शहर के जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन, वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य ,जिला प्रशासन, नगर निगम, आमजन, सामाजिक संस्थायें उपस्थित रहेगें। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर को साफ व स्वच्छ रखने व स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को लेकर नागरिकों की भागीदारी स्वच्छता के लिये जरूरी कार्यक्रम एवं सभी के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें निगम द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों व नवाचारों को आमजन को बताया जाएगा एवं सभी के सहयोग से किस प्रकार ग्वालियर को स्वच्छ व सुन्दर बनाया जा सकता है। नगर निगम द्वारा वर्तमान में शत प्रतिशत घरों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, कचरा उत्पादन स्थल से ही गीला- सूखा कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है। निगम के सभी कचरा ट्रांसफर स्टेशनों से कचरा कंपोस्ड कर लेंडफिल साइड भेजा जा रहा है। बरा लेंडफिल साइड को विकसित कर आकर्षित पार्क बनाई गई है। इसके साथ ही निगम द्वारा कई नवाचार कर शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए कार्य किये जा रहे हैं। शहर के सभी कचरा ठीए समाप्त किए जा कर उनके स्थान पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं।

### विभिन्न स्थानों पर किया फॉगिंग व कीट नाशक दवा का छिड़काव

ग्वालियर। शहर में संक्रामक एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लार्वा का सर्वे भी किया जा रहा है तथा जहां भी लार्वा मिला तत्काल जुर्माने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा रहता है। वर्तमान में मच्छर व अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना रहती है। जिसे देखते हुए निगम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शहर के विभिन्न स्थानों पर जिसमें वार्ड क्रमांक 16 में आनंद नगर, प्रगति नगर, आशा बेकरी की गलियों में बहोडापुर, कंपू, गेंडे वाली स?क की विभिन्न गलियों में, लक्ष्मीबाई कॉलोनी, तानसेन रोड, दुर्गापुरी, ठाठीपुर, महाराज बाडा, आदित्यपुरम, डीडी नगर, श्रीनगर कॉलोनी, संगम विहार कॉलोनी, पाटनकर का बा?ा, रामबाग कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, समाधिया कॉलोनी, केशव विहार कॉलोनी, शीतला नगर, प?ाव, थाटीपुर आदि जगहों पर फोगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया गया।



### जिला बॉक्सिंग स्पर्धा का आयोजन 5 दिसम्बर को

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर एवं ग्वालियर डिस्ट्रिक्ट एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा जिला बॉक्सिंग स्पर्धा का आयोजन 5 दिसम्बर 2021 को प्रातः 10:30 बजे एकलव्य खेल परिसर में आयोजित किया जा रहा है। खेल अधिकारी श्री सतपाल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलों को बडावा देने के लिए निगम द्वारा समय समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। उसी के तहत 5 दिसम्बर 2021 को जिला बॉक्सिंग स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478